जोधसिंह पुरस्कार से पुरस्कृत

प्राचीन भारतीय अभिलेख

(दो भाग)

लेखक

प्रोफेसर डा० वासुदेव उपाध्याय

(पटना विश्वविद्यालय)

मंगलाप्रसाद पारितोषिक विजेता जोधसिंह पुरस्कार,

हीरालाल स्वर्णपदक एवं गुलेरीपदक प्राप्त

प्रज्ञा प्रकाशन, पटना

प्रकाशक :
प्रज्ञा प्रकाशन,
राजेन्द्र नगर, पटना–१६

द्वितीय सस्करण
१९७०
मूल्य : ~~दस रुपये~~

मुद्रक .
बाबूलाल जैन फागुल्ल
महावीर प्रेस
भेलूपुर, वाराणसी–१

प्रमाण-पत्र

काशी नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा

श्री डा० वासुदेव उपाध्याय को

उनकी श्रेष्ठ कृति

प्राचीन भारतीय अभिलेख

पर प्रदत्त

संवत् २०१४ से २०१७ तक के

जोधसिंह पुरस्कार

एवं

गुलेरी पदक

के प्रमाणस्वरूप यह ताम्रपत्र अर्पित किया गया

प्रबंध समिति की स्वीकृति से

कमलापति त्रिपाठी
सभापति

शिवप्रसाद मिश्र
प्रधानमंत्री

दो शब्द

पिछले कई वर्षों से यह अनुभव कर रहा था कि प्राचीन भारतीय अभिलेखों का वैज्ञानिक रीति से अध्ययन होना चाहिए जिससे उनमें निहित ज्ञान राशि का परिज्ञान इतिहास के विद्यार्थियों को हो सके। अभी तक साङ्गोपांग ढंग से अभिलेख का मूल्याङ्कन नहीं किया गया है। जिस लेख या प्रशस्ति का सम्पादन हो सका है उसके सीमित क्षेत्र पर ही प्रकाश पड़ा है। अतएव समस्त विषयों को ध्यान में रख कर लेखक ने अभिलेखों का अध्ययन आरम्भ किया और प्रत्येक अंग पर प्रकाश डालने का प्रयत्न किया है।

भारतीय इतिहास में अभिलेखों का कितना महत्वपूर्ण स्थान है तथा कैसे अमूल्य साधन हैं, यह विद्वानों से छिपा नहीं है। उनके अध्ययन से कई सांस्कृतिक विषयों पर नवीन प्रकाश पड़ता है। प्रस्तुत ग्रंथ की योजना दो भागों में पूर्ण होगी। प्रथम में भूमिका तथा ऐतिहासिक प्रस्तावना सहित मूल लेख एवं दूसरे भाग में टिप्पणी तथा हिन्दी अनुवाद। प्रथम भाग के पहले खण्ड में अभिलेखो का विस्तृत अध्ययन है। यों तो प्रत्येक विषय पर एक स्वतंत्र ग्रंथ तैयार हो सकता है किन्तु प्रत्येक अध्याय में एक विषय पर संक्षिप्त रूप से विचार किया गया है जिससे पाठकगण लेखों के महत्व तथा ज्ञानराशि का मूल्यांकन कर सके।

भूमिका में सामाजिक तथा धार्मिक अवस्था का संक्षिप्त वर्णन है और उस प्रसंग में कुछ ऐसी बातें भी सामने आई है जिनका विवरण अभिलेखों के अध्ययन से ही उपस्थित किया जा सका है। आर्थिक विषयों का जिस रूप में विवेचन किया गया है वह अन्य ऐतिहासिक साधनों से सम्भव न था। तिथि तथा सम्वत् सम्बन्धी विचार इस ग्रंथ की एक विशेषता है। अभिलेखों पर आधारित भारतीय भाषा एवं लिपि पर भी प्रकाश डाला गया है।

दूसरे खण्ड में मौर्य युग से बारहवीं सदी तक के अभिलेख संग्रहीत है। प्रायः समस्त राजवंशों के प्रधान एवं प्रतिनिधि लेख चुने गए हैं। इन लेखों का ऐतिहासिक दृष्टि से संकलन किया है जिससे इतिहास के विद्यार्थी को सुविधा हो।

इस बीच वाराणसी से ऐतिहासिक तथा साहित्यिक लेखों का प्रकाशन हुआ है तथा डॉ० दिनेश चन्द्र सरकार की लेख सम्बन्धी दूसरी अंग्रेजी पुस्तक-इंडियनइपिग्राफी (Indian Epigraphy) भी प्रकाशित हुई है। परन्तु वर्तमान लेखक का क्रम अपनी विशेषता रखता है। इस पुस्तक में सांस्कृतिक विषयों पर अधिक बल दिया गया है। इसमे धार्मिक, सामाजिक एवं साहित्यिक परम्पराओं का विकास दिखलाने का प्रयत्न किया गया है। सबसे विचित्र बात यह है कि महाभारत तथा पुराणों में उल्लिखित धार्मिक भावनाओं का मध्ययुगी लेख प्रतिबिम्बित करते हैं। उन्हीं विचारों से प्रेरित होकर अभिलेखों के अध्ययन की ओर विद्वानों का ध्यान आकर्षित किया गया है। इतिहास के विद्यार्थियों का इससे मार्ग प्रदर्शन होगा।

इस ग्रंथ के प्रथम संस्करण को पाठकों ने जिस प्रकार अपनाकर अपनी गुणग्राहकता का परिचय दिया है। आशा है वे इसके द्वितीय संस्करण को उस प्रकार अपनायेंगे। मेरे अग्रज आचार्य पं० बलदेव उपाध्याय के आशीर्वाद तथा शुभ कामना से इस ग्रन्थ का निर्माण हुआ है। मेरे अनुज डा० कृष्णदेव उपाध्याय ने इस ग्रन्थ के प्रूफ संशोधन में सहायता प्रदान की है। अतः वे मेरे आशीर्वाद के भाजन हैं।

पटना

वासुदेव उपाध्याय

सांकेतिक शब्दों की तालिका

आ० स० इ० ए० रि०	= आर्केलाजिकल सर्वे आफ इण्डिया एनुवल रिपोर्ट
आ० स० रि०	= आर्केलाजिकल सर्वे रिपोर्ट
आ० स० मे०	= आर्केलाजिकल सर्वे मेमायर
इ० ए० भा०	= इण्डियन इन्टीक्वेरी भाग
इ० कर०	= इपिग्राफिका करनाटिका
ई० पू०	= ईसवी पूर्व
ई० स०	= ईसवी सन्
इ० हि० क्वा०	= इण्डियन हिस्टारिकल क्वार्टर्ली
उ० प्र०	= उत्तर प्रदेश
ए० इ० भा०	= एपिग्राफिया इण्डिका भाग
ओ० का० प्रो०	= ओरियन्टल कांग्रेस प्रोसीडिंग
का० इ० इ० भा०	= कारपस इन्सक्रिपशनम् इण्डिकेरम भाग
का० श्रौ० सू०	= कात्यायन श्रौत सूत्र
गा० ओ० सि०	= गायकवाड़ ओरियंटल सीरीज
गु० ले०	= गुप्त लेख
गु० स०	= गुप्त सम्वत्
ज० इ० हि०	= जनरल आफ इण्डियन हिस्ट्रीं
ज० ए० सो० ब०	= जरनल आफ एसियाटिक सोसाइटी, बंगाल
ज० ग्र० इ० सो०	= जरनल आफ ग्रेटर इण्डिया सोसाइटी
ज० यू० पी० हि० सो०	= जनरल आफ यू० पी० हिस्टारिकल सोसाइटी
ज० रा० ए० सो०	= जनरल आफ रायल एसियाटिक सोसायटी
ज० वि० ओ० आर० एस०	= जनरल विहार ओरिसा रिसर्च सोसायटी
तर०	= राज तरंगिणी
प्र० शि०	= प्रधान शिलालेख
बौ० ध० सू०	= बौधायन धर्म सूत्र
मा० स०	= मालवा सम्वत्
मू०	= मूल लेख
वि० स०	= विक्रम सम्वत्
श० का०	= शक काल या शक सम्वत्
शा० प०	= शाति पर्व
शि० ले०	= शिलालेख
स०	= सम्वत्
स्त० ले०	= स्तम्भ लेख
सा० इ० इ०	= साउथ इण्डियन इपिग्राफी
सा० इ० ए० रि०	= साउथ इण्डियन एनुवल रिपोर्ट

द्वितीय-खण्ड

(मूल-लेख)

ऐतिहासिक प्रस्तावना सहित

विषय-सूची

पृष्ठ

द्वितीय-खण्ड

मूल-लेख

ऐतिहासिक प्रस्तावना सहित

अध्याय १३

अशोक के धर्म-लेख

प्राचीन भारतीय इतिहास के साधन सामग्रियों में अभिलेखों को प्रमुख स्थान दिया गया है। अभिलेख राजनीतिक इतिहास के अतिरिक्त सांस्कृतिक विषयों पर भी प्रकाश डालते हैं। अभिलेखों के अध्ययन से जिन ऐतिहासिक विषयों का ज्ञान हमें प्राप्त हुआ है उनका विस्तृत विवरण इसी ग्रंथ के प्रथम खण्ड में प्रस्तुत किया गया है।

संसार के इतिहास में मौर्य सम्राट् अशोक को एक विशेष स्थान प्राप्त है और विश्व के प्रमुख सम्राटों में इसकी गणना होती है। इतिहास के इस तथ्य पर पहुँचने में उसके अभिलेख (धम्म-लिपि) अधिक सहायक हुए हैं। यों तो सिंहल के ऐतिहासिक ग्रंथ तथा अन्य बौद्ध धर्मग्रंथ उसके जीवन की घटनाओं का उल्लेख करते हैं परन्तु उसके धर्म लेखों के सम्मुख सभी गौड़ हैं। कितने वर्षों तक विद्वानों का इस महान् सम्राट् के व्यक्तिगत नाम का पता नहीं था किन्तु गज्जर एवं मास्कि लेखों से 'अशोक' का नाम प्रकाशित हुआ। अशोक के सविस्तृत वृतांत के लिए उसके समस्त अभिलेखों का विवेचन समीचीन होगा। धर्मलेखों का महत्त्व इस प्रकार आँका जा सकता है कि उनके सहारे सम्राट् के विभिन्न कार्यों की सूची, महत्त्वपूर्ण घटनाएं, राज्य-विस्तार, विदेशियों से सम्बन्ध, धार्मिक परिस्थिति, जनकार्य, शासन-आज्ञाएं, लोकप्रियता आदि बातों का उल्लेख किया गया है। सभी धर्म-प्रचार के लिए लेख खोदे गए थे (इय च अठे पवतिसु लेखापेत····सिलाठभसि लाखापेत वय त)।

अशोक के प्रायः सभी लेखों के प्रकाश में आ जाने पर विद्वानों के सम्मुख यह विचारणीय विषय था कि जिस सम्राट् ने इतने अभिलेख खुदवाये उसका व्यक्तिगत नाम क्या था?

शासक का नामकरण

अधिकतर लेखों में "देवानं प्रिय प्रियदर्शि राजा" का उल्लेख मिलता है। कुछ ऐसे लेख हैं जिनमें प्रथम शब्द 'देवानं पियो (पियस)' का ही उल्लेख है। ऐसे अभिलेख निम्नलिखित हैं—

(१) कलिङ्ग शिलालेख प्रथम एवं द्वितीय।
(२) ब्रह्मगिरि का गौड़ शिलालेख।
(३) बराबर लेख में (लाजा पियदसि)।
(४) मेरुगुड्डी का प्रथम तथा द्वितीय।
(५) रूमनाथ का गौड़ शिलालेख।
(६) कोशाम्बी तथा सारनाथ का स्तम्भ लेख।
(७) रानी का स्तम्भ लेख।
(८) मास्कि का शिलालेख।

परन्तु अंतिम गोड़ शिलालेख में 'देवानं' शब्द के साथ 'असोकस' का उल्लेख किया गया है।

अन्य सभी लेखों में (स्तम्भ लेखों में विशेषत:) 'देवानं प्रिय प्रयदर्शि' के उल्लेख पर विचार करने पर विद्वानों ने यह अनुमान लगाया कि अमुक सम्राट् का नाम 'प्रियदर्शि' था। देवानं प्रिय (देवताओं का प्यारा) उसकी पदवी थी। उपरिलिखित अभिलेखों में केवल देवानं शब्द ने कौतूहल पैदा कर दिया और राजा के नाम का प्रश्न जटिल हो गया।

कौतूहल उस समय शांत हुआ जब गज्जर (देवानं पिय पियदसि असोकराजस) तथा मास्कि (देवानं पियस असोकस) लेखों का परिज्ञान हो गया। अधिकतर लेखों में "देवानं प्रिय (पिय) पियदसि" वाक्य राजा (लाजा, रय, रज, रञो) के साथ प्रयुक्त है। सभी का तुलनात्मक अध्ययन यह घोषित करता है कि शासक का वास्तविक नाम 'अशोक' था। पहले के दोनों शब्द राजा की पदवियों के रूप में प्रयुक्त हैं। ये दोनों विशेषण (देवताओं का प्यारा तथा देखने में प्रिय) अभिलेखों में समझ-बूझ कर प्रयुक्त किए गए। डा० भण्डारकर ने भी इसी बात का समर्थन किया है कि देवानं पिय राजाओं की पदवी थी। ईसवी सन् पूर्व में जनता ने इस उपाधि का प्रयोग यह समझ कर किया कि राजा देवताओं का प्यारा होता है। सम्भव है वैदिक अभिषेक की पद्धति से यह शब्द लिया गया हो, जिसमें इन्द्र, वरुण तथा मित्र नामक देवतागण को राजा के अभिषेक के अवसर पर आवाहन किया जाता था। पुरोहित उन्हें मंत्रों द्वारा आमंत्रित करता था। डा० जायसवाल का मत था कि 'देवानं प्रिय' की पदवी निम्नकोटि की थी। पाणिनि के सूत्र (५, ३।१४) पर व्याख्या करते समय पीछे के वैयाकरणों ने इस प्रकार की पदवी की निन्दा की तथा मूर्ख का भावार्थ समझा। डा० रायचौधरी ने अपना विचार व्यक्त कर इस पदवी 'देवानं प्रिय' के सम्बन्ध में लिखा है कि ईसवी सन् के पश्चात् इन शब्दों का भाव निन्दात्मक रूप में लिया है किन्तु अशोक के लेखों का अध्ययन इस मार्ग में स्पष्ट प्रकाश डालता है कि 'देवानं प्रिय' का अर्थ देवताओं का प्यारा ही समझना चाहिए।

संक्षेप में यह कहना यथार्थ होगा कि गज्जर एवं मास्कि लेखों में 'अशोक' का उल्लेख तथा महाक्षत्रप रुद्रदामन के जूनागढ़ शिलालेख में वर्णित अशोक (अशोकस्य मौर्यस्य कृते) नाम से तनिक भी संदेह नहीं रह जाता कि इन अभिलेखों को प्रकाशित करनेवाला मौर्य सम्राट् का वास्तविक नाम अशोक था।

जहां तक साहित्य में प्रियदर्शि का प्रयोग है, यह शब्द व्यक्तिगत नाम के लिए प्रयुक्त मिला है। बुद्धघोष ने लिखा है कि मौर्य सम्राट् का पहला नाम प्रियदर्शि था और अभिषेक के पश्चात् अशोक नाम पड़ा। दिव्यावदान में कथानक आता है कि पिता बिन्दुसार ने मौर्य राजकुमार का नाम अशोक रक्खा। दीपवंश में प्रियदर्शि तथा अशोक के राज्याभिषेक को समसामयिक कहा गया है। उसी ग्रंथ में 'देवानं पियो' (संस्कृत देवानां प्रिय:) राजा के लिए प्रयुक्त है। यह सत्य है कि देवानं पियो ईसवी सन् पूर्व तीसरी शताब्दी में महाराजाओं की आदरसूचक उपाधि थी। सिंहल के राजा तिष्य की भी यही उपाधि मिलती है। किन्तु अशोक के आठवें शिलालेख में (शहबाजगढ़ी तथा मानसेरा के पाठ में) उल्लिखित देवानं पियो के साथ गिर-

मार के प्रज्ञापन में 'राजानो' शब्द प्रयुक्त है। यानी दोनों एक ही अर्थ में व्यवहृत हैं (देवानं पियो राजानो)। पतंजलि के पश्चात् वैयाकरणों ने देवानं प्रिय का अर्थ मूर्ख (अज्ञपशु के समान) किया है। जान पड़ता है कि बौद्धों के विद्वेष से ब्राह्मणों ने राजाओं के मानसूचक उपाधि का उपहास किया किन्तु वास्तविकता से सभी दूर थे।

अशोक के धर्म लेख भारतवर्ष के प्रत्येक भाग में पाये गए हैं। उनकी भौगोलिक स्थिति की जानकारी होने पर यह कहना सरल हो जाता है कि समस्त राज्य के प्रांतों में उसने लेख अंकित कराया था। उन अभिलेखों को विषय की समता को ध्यान में रखकर निम्न भागों में विभक्त कर सकते हैं—

धर्म लेखों का वर्गीकरण तथा प्राप्ति स्थान

(१) प्रधान शिला-लेख—इनकी पूरी संख्या चौदह है किन्तु कुछ स्थानों पर सम्पूर्ण चौदह लेख अंकित नहीं हैं।

(१) कलिङ्ग शिलालेख।
(२) गौड़ शिलालेख।
(३) प्रधान स्तम्भ लेख।
(४) गौड़ स्तम्भ लेख।
(५) गुहा लेख।

इस वर्गीकरण में अशोक के सभी लेखों की गणना हो जाती है। प्रायः एक वर्ग में लेखों की विषय-सूची समान है। यहां यह कहना उचित होगा कि कुछ लेखों में स्थानीय प्रभाव दीख पड़ता है। कुछ वाक्य किसी लेख में अधिक हैं तथा किन्हीं लेखों में उनका स्वरूप विभिन्न प्रकार का है। सम्भव है अशोक ने स्थान विशेष को ध्यान में रखकर ऐसा किया हो। अमुक स्थान पर किसी वाक्य का उल्लेख समीचीन रहा या आवश्यक था अथवा राजनीति के कारण उनका समावेश उपादेय था, इन बातों का निर्णय अशोक ने किया तथा स्थानीय अंकनकर्त्ता को आदेश देकर एक निश्चित स्वरूप को अंकित कराया। उदाहरण के निमित्त गौड़ स्तम्भ लेखों में—सारनाथ, कौशाम्बी तथा सांची के स्तम्भ लेख एक विषय को लेकर खोदे गए थे। उसका उद्देश्य था--संघ में विवाद का निरोध। कोई भिक्षु संघ में विभेद न पैदा करे इस ध्येय को लेकर अशोक ने तीन स्तम्भ लेख खुदवाया। लुम्बिनी स्थान में भी एक स्तम्भ लेख मिला है जिसमें अशोक ने अपनी तीर्थयात्रा (बुद्ध के जन्मस्थान की यात्रा) का वर्णन किया है। उसी यात्रा के अन्त में भगवान् बुद्ध की जन्मभूमि होने के कारण मौर्य सम्राट् ने भूमिकर (टैक्स) घटाकर आठवां भाग कर दिया। इस तरह स्थान या उद्देश्य विशेष को ध्यान में रखकर अशोक ने लेख अंकित कराया था।

जितने अभिलेखों का अब तक पता चला है उससे यह अनुमान सहज ही में किया जा सकता है कि अशोक को बड़ी रुचि थी कि वह अपनी आज्ञाओं को चट्टानों तथा स्तम्भों पर खुदवाए। जिससे उसके आदेश चिरस्थायी हो सकें।

(१) प्रधान शिलालेखों में चौदह प्रज्ञापन हैं जो निम्नलिखित स्थानों से प्राप्त हुए हैं—

चौदहों प्रज्ञापन कालसी नामक गाँव (जिला देहरादून, उत्तर प्रदेश) से मिले हैं जो यमुना तथा टोंस के संगम पर एक चट्टान पर खुदे हैं। जिसके नीचे 'गजतमो' (सबसे श्रेष्ठ हस्ति) लिखा है। काठियावाड़ के जूनागढ़ नामक नगर के समीप गिरनार की सड़क की एक चट्टान पर चौदहों लेख खुदे हैं। चौदहों प्रज्ञापन की एक प्रतिलिपि पेशावर के युसुफजई तहसील में शहबाजगढ़ी गाँव के एक चट्टान पर अंकित है। उसी प्रदेश (सीमा प्रांत, पश्चिमी पाकिस्तान) के हजारा जिले में अबटाबाद के समीप मानसेरा के चट्टान पर चौदहों अभिलेख खुदे हैं। दक्षिण भारत में मद्रास प्रदेश के येरगुडी। (करनूल जिला) से भी चौदहों प्रज्ञापन प्राप्त हुए हैं। महाराष्ट्र के थाना जिले में सोपारा (प्राचीन शूर्पारक) नगर से आठवें प्रज्ञापन का कुछ अंश मिला है।

(१) **कलिंग शिलालेख**—उड़ीसा प्रदेश में भुवनेश्वर के समीप धौली तथा गंजाम जिले के जौगढ़ स्थान से प्रधान शिलालेखों की प्रतियाँ मिली हैं। इनका पृथक् वर्गीकरण करने का कारण यह है कि कलिङ्ग विजय करने के पश्चात् अशोक ने चौदह शिलालेखों की संख्या ११,१२ तथा १३ को हटाकर दो अन्य लेखों को धौली तथा जौगढ़ में स्थान दिया था। सम्भवतः उसे राजनीति तथा स्थानीय कारणों को ध्यान में रखकर ऐसा परिवर्तन करना पड़ा। यानी १ से लेकर दस तक तथा लेख संख्या १४ के अतिरिक्त दो अन्य धर्म लेख उड़ीसा में उन स्थानों में अंकित हैं। भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखकर यह कहना उचित होगा कि प्रायः सभी प्रधान शिलालेख साम्राज्य की सीमा पर स्थित हैं।

(२) **गौड़ शिलालेख**—अशोक ने साम्राज्य के विभिन्न स्थानों पर एक-एक लेख खुदवाया था जिनका विषय भिन्न-भिन्न है। प्रत्येक एक प्रमुख विषय को लेकर अंकित हुए थे। गौड़ शिलालेख निम्नलिखित स्थानों से उपलब्ध हुए हैं—

(क) सिद्धपुर, जतिंग-रामेश्वर तथा ब्रह्मगिरि (चितल दुर्ग जिला, मैसूर प्रदेश)

(ख) रूपनाथ (जबलपुर जिला, मध्यप्रदेश)

(ग) सहसराम (सहस्राम) (शाहाबाद जिला, बिहार)

(घ) वैराट् (जैपुर, राजस्थान)

(च) मास्कि (लिंगपुर तालुका के अन्तर्गत ग्राम; रायपूर जिला, आंध्रप्रदेश) इस लेख में 'अशोक' नाम उल्लिखित है।

(छ) गज्जर का लेख—यह गौड़ लेख मध्यप्रदेश के दतिया जिले से (झाँसी से २० मील उत्तर) प्राप्त हुआ है। इसमें अशोक शब्द (नाम) देवानं पियस पियदसि पदवी के साथ उल्लिखित है)

(ज) येरगुड़ी (करनूल जिला, मद्रास प्रदेश)

येरगुडी से चौदह प्रधान शिलालेखों के अतिरिक्त एक गौड़ लेख भी प्राप्त हुआ है। इसमें विषयान्तर बातें उल्लिखित हैं। एक विशेषता यह है कि येरगुडी गौड़ शिलालेख में कुछ पंक्तियाँ दाहिने से बाईं ओर अंकित हैं। अन्य बाएँ से दाहिने ब्राह्मी की प्रणाली पर खुदी गई हैं।

(फ) दक्षिण भारत के गोविमठ तथा पालकी गुण्डु (मद्रास प्रांत) में भी गौड़ लेख की प्रतियाँ उपलब्ध हुई हैं ।

(प) उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले तथा अहरौरा (मिर्जापुर जिले) से अशोक के गौड़ लेख की कुछ पंक्तियाँ प्रकाश में आई हैं । उनसे किसी विशेष बात पर प्रकाश नहीं पड़ता है ।

(३) **प्रधान स्तम्भ लेख**—अशोक ने सात स्तम्भ लेखों को साम्राज्य के अन्तर्गत प्रमुख स्थानों पर सफेद तीस फीट ऊँचे स्तम्भ पर अंकित कराया था । ये स्थान राजमार्गों पर स्थित थे अथवा स्वयं प्रमुख नगर थे ।

(य) देहली में अशोक के दो स्तम्भ हैं । जिसमें एक अम्बाला के समीप नोयार स्थान से तथा दूसरा मेरठ से सुल्तान फिरोजशाह तुगलक द्वारा देहली में लाए गये थे । एक फिरोजशाह कोटला पर खड़ा है तथा दूसरा पुरानी दिल्ली आकाशवाणी भवन के पास । वे देलही-टोपरा तथा देलही-मेरठ के नाम से प्रसिद्ध हैं ।

(र) **इलाहाबाद का स्तम्भलेख**—प्रारम्भ में अशोक ने इस स्तम्भ को कौशाम्बी में स्थापित किया था । सम्भवतः मुगल सम्राट् अकबर उसे हटा कर इलाहाबाद से आया । वह वर्तमान किले में ऊँचे चबूतरे पर खड़ा है ।

(ल) बिहार प्रदेश के चम्पारन जिले में अशोक के तीन स्तम्भ खड़े हैं । पहला लोरिया अर राज (राधिअर) लोरिया नन्दन (माथिअर) तथा तीसरा राम-पुरवा नामक स्थान पर स्थित है । मोतिहारी नगर से तीनों स्थान को सरलता-पूर्वक देख सकते हैं । एक जिले में तीन स्तम्भों की स्थिति कौतूहल पैदा करती है । लौरिया के दोनों स्तम्भ अपने स्थान पर खड़े हैं । सम्भवतः अशोक ने इस भू-भाग को महत्वपूर्ण समझा । अथवा कपिलवस्तु से नेपाल तक का मार्ग प्रमुख रहा होगा जिसकी भौगोलिक प्रधानता के कारण तीन स्तम्भों पर लेख अंकित कराना आवश्यक हुआ । इन छः स्तम्भों में केवल देलही टोप्रा पर सातों लेख खुदे हैं । अन्य स्तम्भों पर छः लेख ही अंकित मिलते हैं ।

(४) **गौड़ स्तम्भलेख**—ये निम्न स्थानों से मिले हैं ।

(१) प्रायः गौड़ स्तम्भलेखों का विशेष प्रयोजन था । अतएव विशिष्ट स्थानों पर ही स्तम्भ स्थिर किये गये । सारनाथ (वाराणसी के समीप) बुद्ध का धर्मचक्र परिवर्तन का प्रसिद्ध स्थान है । साँची पाटलिपुत्र से भरौंच (बन्दरगाह) जाने वाले मार्ग पर स्थित है । उस स्थान की सेट्ठी की कन्या से अशोक ने विवाह किया था । स्तूप के साथ ही स्तम्भ का कार्य अशोक ने सम्पन्न किया होगा । साँची (स्थान) पूर्वी मालवा की राजधानी विदिशा के समीप है । कौशाम्बी प्रयाग से तीस मील की दूरी पर यमुना के किनारे वत्स राजाओं की राजधानी थी । वहीं घोषिताराम में बुद्ध ने वर्षावास किया था । ऐसे प्रमुख स्थानों को अशोक ने स्तम्भ लेख अंकित कराने के लिए चुना । इन लेखों को धार्मिक लेख (Schism edict) कहना चाहिए ।

सारनाथ, सांची तथा कौशाम्बी से जो स्तम्भ मिले हैं उन स्तम्भों पर एक ही आज्ञा खुदी है । यानी लेख समान विषय वाले हैं । उनमें सभी वाक्य एक से नहीं हैं । सारनाथ लेख

पाटलिपुत्र के महामात्र को सम्बोधित कर लिखा गया था। जिसकी प्रति भिक्षु-भिक्षुणी, उपासक, उपासिका तथा अन्य पदाधिकारी को दी गई थी। सांची का लेख काकनाडवोट महाविहार (सांची का एक नाम था) के भिक्षुओं को सम्बोधित कर लिखा गया था। कौशाम्बी का स्तम्भ लेख कौशाम्बी के महामात्र के लिए आज्ञा के रूप में उत्कीर्ण था। (देवानं पिय आनपयति कोसंविय महामात) इन तीनों लेखों का विषय यही था कि संघाराम में विभेद पैदा करने वाले भिक्षु एवं भिक्षुणी बहिष्कृत कर दिए जायेंगे। सम्भवतः ये तीनों आज्ञा प्रदान करने वाले स्तम्भ लेख पाटलिपुत्र की तीसरी बौद्ध संगीति (सभा) के बाद ही अंकित हुए होंगे।

(२) रुम्मिनदेई स्तम्भ लेख—नेपाल की तराई में प्राचीन लुम्बिनी नामक स्थान पर गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। वह बौद्धों का प्रसिद्ध तीर्थ है। अशोक भी तीर्थयात्रा के प्रसंग में वहां गया और एक स्तम्भ लेख खुदवाया। भगवान् बुद्ध के जन्मस्थान होने के कारण भूमिकर कम करने की घोषणा की। साधारणतः प्राचीन भारत में छठां भाग कर के रूप में लिया जाता था पर अशोक ने उसे घटा कर आठवां भाग कर दिया (अठभगिये च) वर्तमान समय में वह रुम्मिनदेई के नाम से प्रसिद्ध है। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर होकर वहां जाते हैं।

(३) निगाली सागर स्तम्भ-लेख—नेपाल तराई में निगाली नामक सागर के तट पर यह स्तम्भ खड़ा है। इसमें कनकमुनि के स्तूप की वृद्धि का उल्लेख है।

(४) रानी का स्तम्भलेख—प्रसिद्ध इलाहाबाद स्तम्भ पर प्रधान स्तम्भ लेखों के निचले भाग में एक लेख अंकित है जिसमें द्वितीय रानी द्वारा प्रदत्त आराम या दानगृह की चर्चा (सब महामात्र को सम्बोधित कर) की गई है।

इन स्तम्भ लेखों को अंकित करा-कर अशोक ने धर्म का प्रचार किया। धार्मिक भावना से सभी ओत-प्रोत हैं। विषयान्तर की चर्चा उनमें नहीं है।

(५) अशोक के गुहा-लेख—बिहार के गया जिले में बेला रेलवे स्टेशन के समीप बराबर पर्वत में अशोक ने गुहा खुदवायी थी। ये गुफाएँ प्राचीनतम मानी जाती हैं। इससे सम्बन्धित लेख अंकित हैं। उनमें सम्राट् द्वारा न्यग्रोध गुहा तथा खलतिक गुहा आजीविक साधुओं के लिए दान देने का उल्लेख है। इससे बौद्ध शासक के सहिष्णुता का परिचय मिलता है। उसी के समीप नागार्जुनी पर्वत में गुहा-लेख मिला है जिसमें दशरथ द्वारा गुहादान का वर्णन मिलता है।

अशोक के सातवें स्तम्भ लेख में भी आजीविक साधुओं के संघ की चर्चा है जहाँ धर्ममहामात्र के जाने की आज्ञा उल्लिखित है।

अशोक द्वारा विदेशी भाषा में अंकित लेख

प्रथम खण्ड में इस विषय की चर्चा हो चुकी है कि अशोक के सभी धर्मशासन प्राकृत भाषा तथा ब्राह्मी एवं खरोष्ठी लिपि में अंकित किए गए थे। मानसेरा तथा शहबाजगढ़ी के लेख उस भू-भाग में प्रचलित लिपि—खरोष्ठी में मिलते हैं। कुछ वर्ष पूर्व अफगानिस्तान के कन्धहार के खण्डहरों को खोदते समय अशोक के चार लेख (दो यूनानी तथा दो आरमेक भाषा में) प्रकाश में आये। उनका विषय शिलालेख पहला तथा चौथा और लघु

शिलालेख पहला एवं दूसरा से मिलता है। १९६३ में कन्धहार के बाजार से दो लेख प्रकाश में आए जिनकी भाषा वही है। इन लेखों में किसी विशेष विषय की चर्चा नहीं है। रोम की अनुसंधान पत्रिका में इनका उल्लेख किया गया है।

धर्म-लेख अंकन की तिथियां

अशोक के धर्म-लेखों का अध्ययन उसके जीवन-घटनाओं की तिथियों पर प्रकाश डालता है। सभी लेख तिथि युक्त नहीं हैं किन्तु कतिपय अभिलेखो में तिथि का उल्लेख है और कुछ धर्म-लेखों के भीतरी परीक्षण से तिथि का अनुमान लगाया जा सकता है। अशोक के लेखों में सारी तिथियां अभिषेक से सम्बन्धित हैं। उदाहरणार्थ—

(अ) दुवादसवसाभिसितेन (तीसरा शि० ले०)

(ब) तेदस वसाभिसितेन (पांचवां शि० ले०)

(स) सदुवीसति वस अभिसितेन (प्रथम स्तम्भलेख)

इस प्रकार जिस तिथि का उल्लेख है उसको अभिषेक की तिथि से जोड़कर ही उस घटना की चर्चा की जाती है। अतएव लेखों के अंकन को वास्तविक तिथियों की जानकारी के लिए अशोक के अभिषेक का समय ज्ञात करना आवश्यक हो जाता है। पुराणों के अनुसार अशोक के पितामह चन्द्रगुप्त मौर्य २४ वर्ष तक तथा उसका पिता बिन्दुसार २५ वर्षों तक राज्य करता रहा। चन्द्रगुप्त मौर्य के साथ सिकन्दर की भेंट होने की तिथि ई० पू० ३२३ मानी गई है अतएव चन्द्रगुप्त मौर्य ई० पूर्व ३२३-२९९ तथा बिन्दुसार ने ई० पूर्व २९९-२७४ के लगभग शासन किया। सिंहल द्वीप के ग्रन्थ अशोक के सम्बन्ध में यह कथानक उपस्थित करते हैं कि उसने अपने परिवार के सौ बन्धुओं को मारकर गद्दी प्राप्त की। शासन की बाग-डोर लेने पर अशोक सिंहासनारूढ़ हुआ (लगभग ई० पू० २७४)। किन्तु कई कारणों से उसका राज्याभिषेक चार वर्षों तक न हो सका। यानी ई० पू० २७० में अशोक का अभिषेक सम्पन्न हुआ। इसी तिथि (ई० पू० २७०) में धर्म-लेखों को तिथियाँ उल्लिखित हैं। अभिषेक के आठवें, १२ वें, १३ वें या २६ वें वर्ष में अमुक लेख अंकित किया गया था। ई० पू० २७० को अभिषेक की तिथि मानकर निम्न प्रकार से लेखों की तिथियाँ उल्लिखित हैं।

अशोक सर्वप्रथम साम्राज्यका महत्त्वाकांक्षी था। इसलिए उसने कलिंग पर चढ़ाई की। गिरनार (काठियावाड़) के चौदह शिलालेखों में तेरहवें में इस युद्ध का वर्णन है कि अभिषेक के आठवें वर्ष में अशोक ने कलिंग विजय किया। उस युद्ध में लाखों नर संहार की भीषण हृदय-विदारक दृश्य देखकर वह बौद्ध धर्मावलम्बी हो गया। अतएव उसने भेरीघोष (युद्ध के नगाड़े) को धर्मघोष (धार्मिक चर्चा) में परिवर्तित कर दिया। यही कारण था कि अशोक ने धर्म-प्रचार तथा प्रसार के लिए धर्म-लेखों (शासनों) को विभिन्न स्थानों पर अंकित कराया ताकि सारी प्रजा उसे पढ़कर, सम्राट् के विचारों से अवगत हो जाय एवं मन परिवर्तन कर धर्माचरण करे। अपने धार्मिक विचारों को शिला या स्तम्भ पर खुदवाकर अशोक ने संसार पर धर्म-विजय प्राप्त की।

अशोक के धर्म-लेखों में उल्लिखित तथा भीतरी अनुशीलन या परीक्षण से उसके लेखों को निम्नलिखित क्रम में रक्खा जा सकता है। वर्ष को अभिषेक से सम्बन्ध करते हैं।

(१) तेरहवाँ शिलालेख—आठवें वर्ष (कलिंग-विजय का विवरण)

(२) रूपनाथ गौड़ शिलालेख—१० वें वर्ष इसमें 'देवानं पिये हवं आह-सातिरेकानि अढ़तियानि व य सुमि प्रकाश सके, वाक्य का उल्लेख स्पष्ट प्रकट करता है कि बुद्ध मत की ओर आकर्षित होने के २½ वर्ष बाद यह लेख खुदा गया। अतएव कलिंग-युद्ध के दो वर्ष यानी १० वें वर्ष में रूपनाथ स्थान पर लेख अंकित किया गया।

(३) आठवाँ शिलालेख—१० वें वर्ष में (दसवसाभिसितेन)-विहार यात्रा को त्यागकर धर्मयात्रा आरम्भ हुई।

(४) मास्कि तथा येरगुडी के गौड़ शिलालेख में अधिकानि अढ़तियानि वसानि के उल्लेख ज्ञात होता है कि रूपनाथ के साथ ही ये लेख खोदे गये थे। यानी अभिषेक के १० वर्ष बाद।

(५) तीसरा तथा चौथा शिलालेख एवं बराबर गुहालेख–१२ वें वर्ष छठां स्तम्भ लेख–१२ वें वर्ष।

इसमें वर्णन आता है कि सबके सुख तथा हित के लिए धर्म शासन लिखे गए थे। सम्भवतः अशोक के गौड़ शिलालेख अभिषेक के १० वें वर्ष से १२ वें वर्ष के भीतर अंकित हुए थे। उनके भीतरी परीक्षण से यह विदित हो जाता है कि कलिंग-विजय कर अहिंसा की नीति अपनाकर तथा धर्म-प्रचार के लिए धर्मयात्रा, धर्म मंगल आदि कार्य किये गए जिनका वर्णन किसी न किसी रूप में गौड़ शिलालेखों में निहित है। द्वितीय तथा तृतीय स्तम्भ लेख गौड़ शिलालेखों के समकालीन हैं। उनके पश्चात् चौदह प्रधान शिलालेखों में चौथा, सातवाँ, नवाँ, ग्यारहवाँ तथा बारहवें धर्म-लेखों के अंकन की तिथि निश्चित की जा सकती है। इनमें अहिंसा का प्रचार, धर्म मंगल का आचरण सभी मतों का समादर, किसी मत विशेष की प्रशंसा या निन्दा न करना आदि विषयों की चर्चा मिलती है। अतएव यह सुझाव रखना उचित होगा कि बौद्ध मतावलम्बी हो जाने पर ही अशोक ने ऐसे लेखों को अंकित कराया जिनके द्वारा उसके विचार तथा धर्म का प्रसार हो सके। आन्तरिक परीक्षण से ही उपर्युक्त लेखों की तिथि १० वर्ष (जब वह बौद्धमत में प्रवेश कर लिया) से १२ वें वर्ष के मध्य-काल में रक्खी जाती है।

(६) पाँचवां शिलालेख—१३ वें वर्ष—इसमें धर्म महामात्र की नियुक्ति का उल्लेख है। जिसे धर्म के सभी कार्य को सम्पन्न करने का भार दिया गया। छठां शिलालेख भी इसी समय में अंकित हुआ होगा क्योंकि शासन में सुधार की बातें उल्लिखित हैं।

(७) निगाली सागर स्तम्भ लेख—१४ वें वर्ष

(८) रूम्मनदेई स्तम्भ लेख—२० वें वर्ष

(९) पहला, चौथा, पांचवां स्तम्भ लेख—२६ वें वर्ष (सडवीसतिवस अभिसितेन)

(१०) सातवां स्तम्भ लेख—२७ वें वर्ष

(११) चौदहवां शिलालेख—अंतिम

इस शिलालेख में निम्न वाक्य उल्लिखित है—धमलिपि देवानं पियेना पियदसिना

लिखपता अथियेना सुखितेना (= सूक्ष्म) अथि मझियेना (= मध्यम) अथि (= अस्ति) विथरेना (= विस्तृत)

इसका अर्थ यह निकलता है कि अशोक ने तीन प्रकार के—छोटा, मध्यम एवं बड़ा धर्म-लेख अंकित कराये जिनका ज्ञान चौदहवां शिलालेख के प्रज्ञापन से पूर्व था। तात्पर्य यह है कि उसने इस लेख को सबसे अन्त में खुदवाया। अन्तिम पंक्तियों में स्पष्ट कर दिया गया है कि धर्मलेखों में जो गलतियां या अपूर्णता हो, वह सभी लिपिकर (खोदने वाला) के अनभिज्ञता के कारण मानना चाहिए।

तिथियां

यह कहा जा चुका है कि अशोक ई० पू० २७४ में सिंहासनारूढ़ हुआ था किन्तु ई० पू० २७० में उसका राज्याभिषेक हुआ। पुराणों के आधार पर अशोक के जीवन को मुख्य यह विदित है कि अशोक ने करीब चालीस वर्षों तक राज्य किया। अतएव उसकी जीवन घटनाओं की तिथियां ई० पू० २७४ से २३४ ई० पू० के मध्य स्थिर की जा सकती हैं।

(१) सिंहासनारूढ़ ई० पू०—२७४
(२) राज्याभिषेक ,, ,,—२७०
(३) कलिङ्ग युद्ध ,, ,,—२६२
(४) संघ में प्रवेश ,, ,,—२६०
(५) कुछ प्रधान शिलालेख तथा गौड़ शिलालेख का अंकन ई० पू० २६०–२५८
(६) महामात्र की नियुक्ति ,, ,,—२५७
(७) कनकमुनि का स्तूप विस्तार ,, ,,—२५६
(८) लुम्बिनी की यात्रा ,, ,,—२५०
(९) स्तम्भ लेखों का अंकन ,,—२४९–४४
(१०) चौदहवां शिलालेख ,, ,,—२४०
(११) मृत्यु ,, ,,—२३४–३२

अशोक का साम्राज्य-विस्तार

ईसा पूर्व चौथी शताब्दी की घटना है कि जब यूनानी राजा सिकन्दर ने भारत पर आक्रमण किया था। उसी समय चन्द्रगुप्त मौर्य ने पाटलिपुत्र में शासन करने वाले नन्दों का नाश कर एक साम्राज्य की स्थापना की जो क्रमशः विस्तृत होकर विशाल साम्राज्य हो गया। मौर्य साम्राज्य के विस्तार की कहानी (१) यूनानी इतिहास (२) अशोक के लेख (३) जैन कथानक (४) चीनी यात्री ह्वेनसांग का विवरण तथा (५) महाक्षत्रप रुद्रदामन का गिरनार लेख सुनाते हैं। उत्तर-पश्चिम भारतीय सीमा पर सिलिक्यूकस से युद्ध कर चन्द्रगुप्त मौर्य ने सन्धि स्वरूप मकरान, कलात (अफगानिस्तान) तथा बिलूचिस्तान के प्रदेश प्राप्त किया था। अशोक के शिलालेख मौर्य राष्ट्र की सीमा पर प्रायः अंकित मिले हैं। मनसेरा, शाहबाजगढ़ी (उत्तर-पश्चिम में) कालसी (देहरादून हिमालय की तराई)

रुम्मनदेई (नेपाल की तराई) जौगढ़ एवं धौली (उड़ीसा प्रान्त) येरी गुड़ी (करनूल, मद्रास प्रान्त) तथा गिरनार के अभिलेखों (काठियावाड़ प्रान्त) की स्थिति से स्पष्ट हो जाता है कि अशोक के शासन-काल में साम्राज्य विस्तृत था।

जैनश्रुति के आधार पर चन्द्रगुप्त मौर्य जीवन के अंतिम समय में जैन होकर मैसूर प्रांत के श्रवणबेलगोला नामक स्थान पर रहता था। उसी प्रकार ह्वेनसांग ने भी यात्रा विवरण में अशोक द्वारा निर्मित बंगाल के स्तूपों का वर्णन किया है। प्रश्न यह है कि मौर्य सम्राट् अशोक ने साम्राज्य का कितना भाग पैतृक सम्पति के रूप में प्राप्त किया तथा कितना भाग उसने विजित किया ? यद्यपि अशोक के द्वितीय शिलालेख में "सवता विजितसि (सर्वत्र विजिते)" । "देवानं प्रियस पियदसिनो राजो" (राजा प्रियदर्शि के जीते स्थानों में) का उल्लेख मिलता है किन्तु अभिलेखों की परीक्षा यह बतलाती है कि अशोक ने केवल कलिङ्ग प्रदेश को ही विजित किया। उसके पश्चात् वह बौद्ध संघ में प्रवेश कर भेरीघोष को धम्मघोष में परिणत कर दिया। कलिङ्ग युद्ध ने उसके हृदय में परिवर्तन ला दिया। युद्ध बंद तथा अहिंसा का प्रचार। अतएव कलिङ्ग विजय के अतिरिक्त 'सर्वत्र विजतिम्हि' स्थानों का वर्णन (द्वितीय शिलालेख) वास्तविकता की कसौटी पर नहीं उतरता। कलिङ्ग युद्ध साम्राज्य विस्तार की इच्छा से किया गया हो इसमें भी संदेह है। खारवेल के हाथी गुम्फा लेख के परीक्षण से विदित होता है कि सम्भवत: कलिङ्ग के राजा ने चन्द्रगुप्त मौर्य के पश्चात् स्वतन्त्रता की घोषणा की हो जिसको दबाने के लिए अशोक ने कलिङ्ग पर आक्रमण किया। हाथीगुम्फा लेख में—ततिये कलिग-राज-वसे पुरिस-युगे महाराजाभिसेचनं पापुनाति (कलिङ्ग राजवंश के महान् पुरुषों में खारवेल तीसरा था जिसे अभिषेक किया गया) का उल्लेख उसी घटना को प्रकाशित करता है। सर्वप्रथम युद्ध में नन्दराजा ने कलिग से जिन (महावीर) की प्रतिमा बलात् उठाकर मगध ले गया। उसके पश्चात् मौर्य शासक चन्द्रगुप्त के पौत्र अशोक ने कलिग जीता। वह प्रदेश चन्द्रगुप्त मौर्य के अधीन ही था। क्योंकि उसी मार्ग से होकर वह मैसूर गया होगा। सम्भव है बिन्दुसार के समय में विद्रोह खड़ा हो गया हो। जिसको अशोक ने सिंहासनारूढ़ होने पर पुन: शांत किया। उसके पश्चात् खारवेल के समय में कलिग पुन: स्वतन्त्र हो गया जिसकी चर्चा 'ततिये कलिग-राज-वसे पुरिस-युगे (कलिग का तीसरा युग पुरुष) शब्दों से की गई है। कहने का तात्पर्य यह है कि मौर्य साम्राज्य को अशोक ने पैतृक सम्पत्ति के रूप में प्राप्त किया। उस साम्राज्य की वृद्धि में अशोक का कोई हाथ न था। कलिग के विद्रोह को दबाने के पश्चात् उसका हृदय भी द्रवित हो गया। अहिंसा के सिद्धान्त तथा उसके धर्म शासन के कारण अशोक के उत्तराधिकारी भी युद्ध से विमुख रहे। यों तो मौर्य साम्राज्य के पतन के अनेक कारण थे किन्तु सम्राट् अशोक की युद्ध-नीति (किसी को न मारना, धर्म की विजय) अधिक अंशों तक मौर्य साम्राज्य के पतन का प्रमुख कारण मानी जाती है।

मौर्य साम्राज्य की सीमा निर्धारित करने में अशोक के धर्म-लेख (दूसरा तथा तेरहवाँ शिला लेख) भी सहायता करते हैं। द्वितीय शिलालेख में कई सीमा राज्यों के नाम उल्लिखित हैं। चोडा, पाडा, केतल पुंतो सातिय पुंतो तंवपंनि (सिंहल) आदि के नाम से प्रकट होता है कि मद्रास प्रदेश की नीचे का भाग तथा वर्तमान केरल अशोक के साम्राज्य में

सम्मिलित नहीं थे। चोल शासक पूर्वी किनारे पर राज्य करते थे जिस कारण उस समुद्र तट का नाम चोलमण्डल रक्खा गया। पिछली कई शताब्दियों तक चोल राजा शासन करते रहे। तामिल प्रदेश का दक्षिणी (मदुरा तथा तिनिवेली के जिले) भाग पांडच लोगों के अन्तर्गत रहा। दक्षिण भारत में मैसूर के ब्रह्मगिरि लेख तथा करनूल जिले में स्थित येरगुड्डी के प्रधान तथा गौड़ शिलालेखों से अशोक के साम्राज्य की दक्षिणी सीमा का स्वतः परिज्ञान हो जाता है। यों तो द्वितीय लेख में ताम्रपर्णी (लंका) का भी उल्लेख है जिसे सिंहलद्वीप मानते हैं किन्तु चोल पांडच नामों से दक्षिणी भाग (तामिल प्रदेश) का प्रदेश अशोक की राज्य सीमा पर स्थित थे। तेरहवें शिलालेख में जिन सीमान्त (इह च सवेषु च अंतेषु) यवन नरेशों के नाम दिये गए हैं (अंतियोकेन, मक, तुरमम, अलिक सुन्दर) उसी के साथ "चोड पंडिया अवं तंवपंनिया" का भी उल्लेख है यानी ये सीमा पर स्थित थे।

दक्षिण सीमा के अतिरिक्त उत्तर पश्चिमी भारत के शहबाजगढ़ी तथा मानसेरा के शिलालेख इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि उत्तर-पश्चिमी प्रांत (वर्तमान पश्चिमी पाकिस्तान) अशोक के राज्य में सम्मिलित था। यदि यूनानी लेखकों द्वारा कथित विषय पर ध्यान दिया जाय तो साम्राज्य की सीमा अफगानिस्तान तक विस्तृत माननी चाहिए। यह ज्ञात है कि चन्द्रगुप्त मौर्य को सेल्यूकस द्वारा संधि के फलस्वरूप कई प्रदेश प्राप्त हुए थे। अशोक के भौतिक साम्राज्य की सीमाओं का निश्चय करना भी एक कठिन समस्या है। मौर्य साम्राज्य के पूर्वी सीमा का निर्णय चीनी यात्रियों के विवरण पर ही आधारित हैं। चन्द्रगुप्त मौर्य तथा अशोक का बंग से क्या सम्बन्ध था, यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता। फाहियान ने लिखा है कि अशोक ने चौरासी हजार स्तूप बनवाये, जिसमें कुछ बंगाल में भी स्थित थे। ह्वेनसांग ने कई स्तूपों को देखा था और निम्न स्थानों में निर्मित स्तूपों का उल्लेख किया है—

ताम्रलिप्ति (बंगाल), समतट, (ब्रह्मपुत्र का डेल्टा) पुण्यवर्धन (उत्तरी बंगाल, कर्णसुवर्ण वदेवान) वीरभूमि आदि स्थानों के स्तूप। अन्य प्रमाणों की अनुपस्थिति में स्तूपों की स्थिति बंगाल में अशोक के साम्राज्य विस्तार पर प्रकाश डालती है। यह कहना अप्रासंगिक न होगा कि उसने अपनी राज्य-सीमा में स्तूपों का निर्माण किया होगा। इसी आधार पर कल्हण के कथन की पुष्टि हो जाती है कि अशोक कश्मीर का सम्राट् था। नेपाल में भी अशोक के स्तूप पाये गए हैं। अतः कालसी का अभिलेख, काश्मीर तथा नेपाल के स्तूप अशोक के साम्राज्य की उत्तरी सीमा निर्धारित करते हैं।

पश्चिमी भाग में गिरनार के चट्टान पर अशोक के चौदहों प्रधान शिलालेख खुदे गए थे। इस अभिलेख के अतिरिक्त उसी चट्टान पर दूसरी सदी में शासन करनेवाला महाक्षत्रप रुद्रदामन का लेख उत्कीर्ण है। उसमें चन्द्रगुप्त मौर्य द्वारा सुदर्शन झील तैयार करने का वर्णन है तथा अशोक के गवर्नर द्वारा नहर में नालियाँ निकालने का उल्लेख है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि काठियावाड़ को मौर्य सम्राट् चन्द्रगुप्त मौर्य ने विजय किया था। अशोक को उस सम्बन्ध में कुछ भी कष्ट उठाना न पड़ा। उसके चौदहों अभिलेख अशोक के राज्य-सीमा को प्रमाणित करते हैं। इन लेखों तथा स्तूपों के प्राप्ति स्थानों के आधार पर यह निश्चय रूप से कहा जा सकता है कि अशोक का साम्राज्य विशाल था जो उत्तर में हिमालय, पूर्व में बंगाल,

दक्षिण में तामिल प्रदेश (मद्रास का प्रदेश) आधुनिक मैसूर राज्य तक तथा पश्चिम में समुद्र के किनारे तक विस्तृत था। बिलोचिस्तान, मकरान तथा अफगानिस्तान भी उसके साम्राज्य के अंग थे।

अशोक का धर्म

महान् मानव अशोक अपने जीवन की प्रारम्भिक अवस्था में हिंसात्मक प्रवृत्तियों से ओत-प्रोत था। कलिंग विजय उसकी साम्राज्यवादी लिप्सा की पराकाष्ठा थी। उस दशा में अशोक विश्व का एक महान् सम्राट् था परन्तु उसे धर्म द्वारा ऐसे विशाल साम्राज्य का निर्माण करना था जिसकी सीमा असीम थी। यों तो बड़े विशाल साम्राज्य भी नष्ट हो गए किन्तु अशोक आज भी अमर है। उसी अमरत्व के कारण भारत की सरकार ने उसके स्तम्भ शीर्ष का राजकीयचिन्ह् के रूप में ग्रहण किया है।

अशोक को यह अमरता प्रदान करने का श्रेय कलिंग युद्ध को है, जहाँ भीषण रक्त-पात हुआ। उसने मानवता को जागृत कर दिया। उसने तेरहवें शिलालेख में कहा है कि उस नर-संहार के हजारवें हिस्से का नाश भी देवताओं के प्रिय अशोक के दुःख का कारण होगा। उसका कथन था कि धर्म विजय ही प्रमुख विजय है। "अभि मुख मव विजये, देवानं प्रियस यो ध्रम विजयो"।

अतएव अशोक के धार्मिक विचार के सम्बन्ध में विद्वानों में एक मत नहीं है। फ्लीट का मत है कि अशोक के धर्म-लेखों में जिस सिद्धान्त का निरूपण किया गया है वह राजधर्म के सदृश था। राजनीति तथा सदाचार के मिश्रित भाव का परिज्ञान उसके अभिलेखों के अध्ययन से हो जाता है। दूसरा मत स्मिथ महोदय ने प्रस्तुत किया था। उनके विचार में एक प्रकार के 'विश्वधर्म' का प्रतिपादन अशोक ने किया। प्राचीन भारत के धार्मिक विचार-धारा तथा उपनिषद के भावों को अपनाकर अशोक ने जनता को ऐसे धर्म का उपदेश दिलवाया जिसके विचार अन्य मतों में भी समाविष्ट हैं। द्वितीय स्तम्भ लेख में अशोक ने धर्म की व्याख्या की है। धर्म वही है जो पाप से दूर रहे। अच्छे काम करे। दया, दान, सत्य, शौच (पवित्रता) का पालन करे। कियं चुधंमेति। अपासिनवे बहु कयाने दया दाने सचे सोचमे विविधे मे अनुगहे करे।

महान् सम्राट् के लिए सहिष्णु होना परमावश्यक है। अर्थशास्त्र तथा ब्राह्मण मत में ऋषियों ने ऐसा ही उल्लेख किया है। अर्थशास्त्र (४,३) में वर्णन है कि शासक सिद्ध पुरुषों को राज्य में निवास करने को प्रोत्साहन देता है। यही अशोक के लेखों में उल्लिखित है—सब पासंडापि ये पूजित विविधाय पूजाय। स्तम्भ लेख ६। सवत्र इछति सव्र प्रषंड वसेयु। शि० ल० ७। राजधर्म के मानने वाले यह भी प्रतिपादित करते हैं कि महाभारत में (१२,३६) राजा के लिए जनता के कल्याण में लीन रहना आवश्यक रूप से वर्णित है।

हितार्थं सर्वलोकस्य।
सर्वलोकहिते रतः।

ऐसे ही विचार अशोक के तेरहवें शिलालेख में व्यक्त किए गए हैं। अर्थशास्त्र में भी राजा के जिन धर्मों का विवरण मिलता है उसकी समता अशोक के लेखों (स्तम्भ लेख ५ एवं ७) में व्यक्त उपदेशों से की जा सकती है।

अशोक ने लेखों में अनेक स्थलों पर ऐसा उपदेश खुदवाया है कि मानवीय स्तर पर मूल्याङ्कन करने से सभी धर्मों से सम्बन्धित प्रतीत होते हैं। उसके विचार में धर्म का मंगलाचार महा फल देने वाला है। इस मंगलाचार में दास तथा सेवकों के प्रति उचित व्यवहार, गुरुओं का आदर, प्राणियों की अहिंसा, श्रमण एवं ब्राह्मणों को दान आदि को समाविष्ट करता है—इ यं चुखा महाफले ये ध्रम मगले। अत्र इयं दस भटकसि सम्य परियति गुरुन अपचिति प्रणन समये, श्रमरण ब्रमणन दने, एषे अणे च एदिशे ध्रम मगले नम (९ वाँ शिलालेख)।

तीसरा मत डा० भण्डारकर ने प्रतिपादित किया जिसे हुल्स ने भी अनुमोदित किया। उनके विचार में अशोक ने जिस विचार या सिद्धान्त का प्रतिपादन किया वह बौद्ध धर्म से घटकर न था। यानी लेखों में जो उपदेश भरे पड़े हैं अथवा जिसका प्रचार किया वह बौद्ध-धर्म से ही सम्बन्धित है। उसे बौद्धमतानुयायी सिद्ध करने के लिए निम्न प्रमाण उपस्थित किए जाते हैं—

(१) बौद्धधर्म स्वीकार कर अशोक ने महाबोधि तथा लुम्बिनी की धर्म यात्रा की। (८ वां शिलालेख) बुद्ध के जन्म-स्थान होने के कारण अशोक ने भूमिकर कम कर दिया (अठभगिये च)—रुम्मनदेई स्तम्भ लेख। यह कार्य राजा को बौद्ध धर्मानुयायी सिद्ध करता है।

(२) कनकमुनि के स्तूप का संस्कार (निगाली सागर स्तम्भ लेख)।

(३) बैराट लेख में अनेक बौद्ध ग्रंथों (निकाय ग्रंथ) का उल्लेख है (इमानि भंते धम पालियायानि) जिसे समय-समय पर पढ़ा जाता था।

(४) द्वितीय स्तम्भ लेख में जिन मानवीय गुणों का विवरण है वे धम्मपद में वर्णित हैं। अतः उसमें बौद्ध मत के प्रचारार्थ ही उन गुणों का वर्णन किया गया।

(५) स्यात् इस बात से कुछ सहमत होंगे कि स्वर्ग-नरक की कल्पना ब्राह्मण मत की देन है। किन्तु यह विचार (१३ वें शिलालेख) धम्मपद में भी पाया जाता है।

(६) अशोक ने ईसा पूर्व २५३ वर्ष में बौद्ध भिक्षुओं की सभा आमंत्रित की जिसमें स्थविरवाद पर बल दिया गया।

(७) अशोक ने बौद्ध धर्म के प्रचारार्थ धर्मदूत भेजा था जिसमें उसके पुत्र महेन्द्र एवं पुत्री संघमित्रा का नाम लिया जाता है।

(८) धर्ममहामात्र की नियुक्ति (५ वां शिलालेख) इसे विभिन्न मत के संघ में भी भ्रमण करने का आदेश था (स्तम्भ लेख ७ वां)।

(९) नवें शिलालेख में जो मंगलाचार, सम्यक् व्यवहार तथा श्रमण के दान का विवरण आया है, वह सभी सुत्त निपात (२, ४) के अन्तर्गत महामंगल सुत्तजातक में उपलब्ध है।

(१०) अशोक के बौद्ध होने की प्रामाणिकता कलात्मक उदाहरण से भी सिद्ध होती है। हस्ति— भगवान बुद्ध के जन्म का चिन्ह था, इसीलिए धौली शिलालेख के अन्त में हाथी की आकृति खुदी है। तेरहवें शिलालेख के गिरनार पाठ में अन्तिम वाक्य इस प्रकार उत्कीर्ण है— "स्वेतोहस्ति सर्वलोक सुखाहरो नाम"

इन सभी उपर्युक्त प्रमाणों का विवेचन किया जाय तो अशोक को बौद्ध सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं। वह स्वतः सिद्ध है। अशोक के धर्म सम्बन्धी चर्चा के उलझन का कारण यह प्रतीत होता है कि विद्वानों ने तत्कालीन परिस्थितियों पर बिना विचार किए व्यक्तिगत भावना को व्यक्त किया है। यह सही है कि बौद्ध होने से पूर्व अशोक ब्राह्मण धर्म का मानने वाला था किन्तु उसे त्यागने के पश्चात् वह बौद्ध हो गया, यह घटना सन्देह रहित है। ब्राह्मण धर्म के यज्ञ या आडम्बर से खिन्न होकर एवं कलिङ्ग के नरसंहार के कारण अशोक बुद्ध मत का अनुयायी हो गया। उसने संघ में भी प्रवेश किया और लेखों में संघ शब्द बौद्ध संघ का द्योतक है।

रीस डेविस का सुझाव था कि अशोक ने दो प्रकार का धर्म प्रचारित किया। (१) भिक्षुओं के लिए तथा (२) उपासकों के निमित्त। उनके मत में अशोक ने जिस धर्म का प्रसार किया वह सामान्य उपासकों का धर्म था। बड़ों का आदर, दान, सम्यक् व्यवहार तथा स्वर्ग-नरक की कल्पना उपासकों के लिए उपयुक्त रही। अस्तु, लेखों में जिस धर्म का वर्णन है वह बौद्धधर्म ही कहा जायगा।

धर्म प्रचार

अशोक के धर्म की चर्चा विश्व में बौद्धधर्म के प्रचार के साथ भी सम्बन्धित है। यों तो भगवान् बुद्ध वर्षावास में भ्रमण कर प्रचार करते तथा उपदेश किया करते थे किन्तु उत्तरी भारत की सीमा में ही उनका कार्य सीमित रहा। दक्षिण भारत तथा सीमा प्रांतों एवं विदेशों में अशोक ने धर्म-प्रचार में सफलता प्राप्त की। लघु शिलालेख (रूपनाथ, मास्कि आदि) में अशोक ने कहा है कि ढाई वर्ष तक वह उपासक था और एक वर्ष हुए वह संघ में आया। यानी ई० पू० २६० में अशोक ने संघ में शरण ली। भारत में धर्म-प्रचारार्थ उपायों पर सातवां स्तम्भ लेख प्रकाश डालता है। वह जनता में धर्म प्रचार एवं धर्म वृद्धि की बातें सोचा करता था। इसी उद्देश्य को लेकर अशोक ने धर्म स्तभों का निर्माण किया तथा धर्म महामात्र की नियुक्ति की। धर्म विधि की रचना की। (धम्म लिपि लेखापिता) देवानं पिये पियदसि हेवं आहा। एतमेव में अनुवेखमासे धम्म-थंमानि कटानि धर्म महामाता कटा। धम्म सावने कटे।

(७ वां स्तम्भ लेख)

बौद्धधर्म अहिंसा की नीति पर आधारित है। अशोक ने सर्वप्रथम अहिंसा प्रचार को ही धर्म-प्रचार का साधन समझा। अतः आज्ञा प्रसारित की कि राज्य में कोई जीव मार कर यज्ञ न किया जाय (प्रथम शिलालेख)। उसके लेखों में प्राणियों के प्रति अहिंसा को प्रमुख स्थान दिया गया। चौथे शिलालेख में उसने स्पष्ट लिखा है कि उस काल से पूर्व लोगों में हिंसा की प्रवृत्ति थी। सम्यक् व्यवहार तथा बड़ों का समादर न था। अतएव उसने आज्ञा प्रसारित की कि अहिंसा के साथ-साथ गुरुजनों का समादर करना आवश्यक है। उसके द्वारा भेरीघोष धर्मघोष में परिणत हो गया है—राञो धमं चरणेन भेरी घोसो अहो धमं घोसो।

इस कार्य के शुभारम्भ के लिए अशोक ने धर्मयात्रा प्रारम्भ की। उससे पूर्व राजा विहार यात्रा (आखेट) किया करते थे किन्तु बौद्ध धर्म के प्रसार के लिए सम्राट् ने तीर्थ-यात्रा आरम्भ की। आठवें शिलालेख में इसका वर्णन आता है कि धर्मयात्रा में अशोक भ्रमण

एवं ब्राह्मण साधुओं का दर्शन करेगा तथा उन्हें दान देगा। धर्म प्रचार के कार्यों में धर्म मंगल की कामना भी निहित थी। जनता में अनेक अवसरों पर अन्धविश्वास के कारण नाना मंगल का आचरण होता रहा किन्तु अशोक ने दास से सम्यक् व्यवहार तथा बड़े का समादर को धर्म मंगल से व्याख्या की [नवां शिलालेख]

"अस्ति च अपि उक्तं साधुदानं इति" (गिरनार पाठ)

धर्म मंगल में कल्याण तथा परलोक की शान्ति के भाव भी निहित थे। उसकी इच्छा थी कि सभी धर्मों में शुद्धता बढ़े।

इच्छति सब्र प्रसंड वसेयु। सवे च हि ते संयमे भव शुधि च इछंति (सातवां शि० ले०)

अशोक के सातवें स्तम्भ लेख के अध्ययन से स्पष्ट हो जाता है कि बौद्धधर्म के प्रचार के लिए धर्म महामात्र की नियुक्ति की गई थी। उसने कहा भी है कि राज्याभिषेक के तेरहवें वर्ष में धर्म महामात्र नियुक्त किया गया जिसका पहले अस्तित्व न था। पांचवें शिलालेख में धर्म की वृद्धि, यवन कम्बोज, गान्धार तथा पश्चिमी सीमा पर स्थित अन्य जातियों के हित सुख के लिए और धर्म रक्षा के लिए ही धर्ममहामात्र की नियुक्ति का विवरण मिलता है। इसका कार्य था विभिन्न मतों में मेल उत्पन्न करना, दान, पूजा की देख-रेख करना आदि। धर्म महामात्र एक निश्चित योजना के अनुसार धर्म प्रचार करते रहे।

धर्म प्रचार के लिए उसने विदेशों में दूत भेजा। धर्म विजय के प्रसंग में यूनानी राजाओं के नाम—अन्तियोक, तुरमय, अंतिकिन, मक, अलिक सुन्दर उल्लिखित हैं। उसने लिखा है कि जिन स्थानों में अशोक के धर्मदूत न पहुँच सकें, वहां के निवासी देवताओं के प्रिय (अशोक) का धर्मानुचरण धर्मविधान और धर्मानुशासन सुनकर धर्म के अनुसार आचरण करें (१३ वां शिलालेख) अतः यह स्पष्ट ज्ञात हो जाता है कि विभिन्न देशों में अशोक धर्म दूत भेजा था। अन्य देशों में स्थापित चिकित्सा केन्द्र भी धर्म प्रचार के केन्द्र हो गए। अशोक के अभिलेखों के विवरण से भी अधिक धर्म प्रचार की चर्चा महावंश में मिलती है। उस समय आचार्य तिष्य ने देश विदेश में बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए महान् योजना तैयार की थी। संक्षेप में कहना उचित होगा कि अशोक के प्रयासों के फलस्वरूप बौद्ध धर्म का प्रचार भारत या विदेशों मे पूर्ण हो सका। लगभग सम्पूर्ण विश्व प्रभावित हुए बिना न रह सका।

अशोक की शासन-पद्धति किसी साम्राज्य के शासन सम्बन्धी विचार को चार अंगों में विभक्त करते हैं।

(१) देश
(२) आबादी (जनसंख्या)
(३) शासक (राजा)
(४) राजशासन (सरकार)

पिछले पृष्ठों में इस बात की चर्चा की गई है कि अशोक का साम्राज्य विशाल एवं विस्तृत था। अशोक ने विजित देश (सर्वत विजितम्हि-द्वितीय शिलालेख) से सबका परिज्ञान कराया है। दक्षिण के चार छोटे राज्यों (चोडा पाडा सतियपुतो केवलपुतो) को छोड़

कर सारा भारत अशोक के अधीन था। साम्राज्य की उपयोगिता जनसंख्या पर निर्भर है। निर्जन देश में कोई शासक रह नहीं सकता। जनता के ऊपर ही राजा की आवश्यकता होती है। अशोक के लेख में सव मानुस या जानपदस (चौथा स्तम्भ लेख) शब्दों का प्रयोग सार्थक है। तेरहवें शिलालेख का अध्ययन यह बतलाता है कि ढाई लाख मनुष्य कलिङ्ग युद्ध में बंदी बनाए गए तथा एक लाख मारे गए। इसके अतिरिक्त जो लोग शेष रहे उन्हें अशोक ने उपदेश दिया था। इससे यह अभिप्राय निकलता है कि कलिंग प्रदेश में पाँच लाख की आबादी होगी। इस प्रकार सारे प्रदेश की आबादी अत्यधिक मानी जा सकती है। उस जनसंख्या पर अशोक शासन कर रहा था।

शासन प्रक्रिया में राजा का स्थान भी प्रमुख है। अशोक उदार विचार सहित कार्य करता रहा। प्रजा की भलाई (पानी का प्रबन्ध, वृक्ष लगाना, औषधालय खोलना आदि) की चिन्ता में लीन रहता था। उसने खेती की सिंचाई के लिए नहरें निकाली थीं। (रुद्रदामन का जूनागढ़ शिलालेख) सदा प्रजाहित के कार्य में संलग्न था। जहाँ कहीं भी था, प्रजा के कार्यों की सूचना उसे दी जाती थी। उसका सात्विक विचार था कि प्रजा इस लोक में सुखी हो तत्पश्चात् स्वर्ग की कामना करे। उसका विचार था कि शासक के धर्माज्ञा पालन करने से जनता को संसार में वैभव तथा परलोक में मोक्ष प्राप्त होंगे (१६ वां शिलालेख—सा ऐहलोकिकी पारलौकिकी च) इन गुणों से युक्त अशोक धर्म सहिष्णु था। उसका कहना था कि अपने धर्म की प्रशंसा तथा पर धर्म की निन्दा न करनी चाहिए। जिस धर्म महामात्र की नियुक्ति की थी वह सभी संघ के धार्मिक कार्यों में सहायता करे (सातवां स्तम्भ लेख) ऐसे अनेक राजकीय एवं मानवीय गुणों के सहित अशोक प्रजा का पालन करता था।

अशोक के धर्मलेखों के अनुशीलन से तत्कालीन शासन पद्धति का पता लग जाता है। अर्थशास्त्र के आधार पर मौर्य शासन का अधिक परिज्ञान हो गया था और पितामह चन्द्रगुप्त मौर्य के कार्यों पर चलता रहा। उस शासन का अनुकरण स्वाभाविक था। राजतंत्र में (अ) केन्द्र (ब) प्रांत (स) नगर तथा (द) ग्राम शासन का सम्पादन अनिवार्य था ताकि आदर्श ढंग पर प्रजा शासित हो सके। अशोक ने उसी के मार्ग का अवलम्बन कर सुधार लाने का प्रयत्न किया।

बैराट के शिलालेख में अशोक को 'प्रियदसि लाजा मागधे' कहा गया है यानी अशोक मगध का राजा था। परन्तु समस्त साम्राज्य को चार विभागों में विभक्त किया गया था जिसके प्रमाण लेखों में मिलते हैं।

(१) उत्तरापथ	राजधानी	तक्षशिला
(२) अवन्ति पथ	,,	उज्जयिनी
(३) दक्षिणापथ	,,	सुवर्णगिरि
(४) कलिङ्ग	,,	तोसाली।

इन प्रांतों की राजधानी का उल्लेख धौली तथा गौड़ शिलालेखों से प्राप्त है।

सम्राट् के रूप में अशोक की अत्यधिक शक्ति थी। देश की आन्तरिक तथा बाह्य नीति

का निर्धारण अशोक ही करता था। भारतीय प्राचीन परम्परा के अनुसार केन्द्रीय शासन में मंत्रिपरिषद् का प्रमुख हाथ रहता था। शिलालेख ६ में अशोक के परिषद्के लिए 'परिसा' शब्द का प्रयोग मिलता है। यह कहना कठिन है कि परिषद् परामर्शदात्री संस्था थी अथवा पूर्णतया प्रजातंत्रीय। परन्तु इतना स्पष्ट है कि वर्तमान काल की तरह प्रजा द्वारा मंत्रि परिषद् का निर्माता नहीं होता था। परिषद् के सदस्यों का चुनाव अशोक पर निर्भर रहा। परिषद् के मंत्रियों में मतभेद की बातें शीघ्र सर्वत्र अशोक को सूचित की जाती थीं (छठा शिलालेख)। इससे प्रकट होता है कि मंत्रिपरिषद् शासक की आज्ञा पर विचार-विमर्श किया करती और स्वीकृत होने पर राजाज्ञा प्रसारित की जाती।

मंत्रि परिषद्

ताय अथाय बिवादो निझति व सतो परिसाय आनंतरं पटिवेदेत मे सर्वत्र सर्वकाले एवं मया आञपितं कतव्यमते हि मे सर्व लोकहितं (छठां शिलालेख) यद्यपि अशोक के लेखों में परिसा के कार्यों का उल्लेख नहीं है किन्तु अर्थशास्त्र में मंत्रिपरिषद् के कार्यों का विवरण मिलता है। उसके अनुसार सभी कार्यों का सम्पादन परिषद् करती थी।

प्रांतीय शासन में राजकुमारों को ही प्रमुख स्थान दिया गया था। सुवर्ण गिरि के कुमार (ब्रह्मगिरि गौड़ लेख) तथा उज्जयिनी के कुमार (राजकुमार) का वर्णन मिलता है। यानी प्रांतीय शासकों के रूप में कुमारों की नियुक्ति होती थी। प्रांत के राज्यपाल को राजुक शब्द से भी वर्णित किया गया है। अशोक के तीसरे शिलालेख में राजुके के साथ युत्त एवं प्रादेशिक के नाम आये हैं। राजुके शब्द को लेकर विद्वानों में मतभेद है। रज्जुक से नापने वाला, पैमाइश करने वाला, लिपिकार न्यायाधीश आदि कार्यों से उस पदाधिकारी का सम्बन्ध जोड़ते है। परन्तु अशोक के लेखों में उल्लिखित राजुके प्रांतीय राज्यपाल निमित्त प्रयुक्त था, इसमें संदेह नहीं किया जा सकता। चौथे स्तम्भ लेख में वर्णन आया है कि रज्जुक नामक कर्मचारी लाखों मनुष्यों के ऊपर नियुक्त है। उसे कार्य के अनुरूप पुरस्कार या दण्ड देने का भी अधिकार था। अशोक की इच्छा थी कि रज्जुक जनता के हित सुख पर ध्यान दे, दुखों का कारण ढूंढ़ निकाले तथा जनता की बातों को ध्यान पूर्वक सुने। ऐसे अधिकार वाले कर्मचारी को प्रांतपति से घट कर नहीं माना जा सकता। युत को राजभक्त के अर्थ में मानते थे। मम युता लजुके प्रादेसिके-कालसी शिलालेख ३) परन्तु गिरनार पाठ में युत के बाद च अक्षर अंकित है। तत्पश्चात् राजुक शब्द प्रयुक्त है, अतएव युत को एक कर्मचारी ही मानना उचित होगा। कौटिल्य ने भी युत का उल्लेख कर्मचारी के रूप में किया है।

प्रादेशिक शब्द का वास्तविक अर्थ अज्ञात है। विभिन्न विद्वान् पृथक्-पृथक् विचार करते हैं। युत तथा राजुके शब्दों के साथ प्रयोग के कारण इसे कर्मचारी मानना अधिक युक्ति-संगत होगा। भण्डारकर तथा कर्म प्रादेशिक को प्रांतीय शासक मानते हैं। कौटिल्य ने प्रदेष्टा नामक कर्मचारी का उल्लेख किया है। सम्भवतः दोनों शब्द एक ही कर्मचारी के लिए प्रयुक्त हैं। प्रदेष्टा राजकर्मचारियों के कार्यों से राजा को अवगत कराता था। डा० मुकर्जी प्रादेशिकों को प्रांत के एक भाग का अधिकारी मानते हैं।

कलिङ्ग के प्रथम शिलालेख में "देवानं पियस वचनेन तोसलियं महामात नगल वियो-

नगर व्यवहारिक

हाल का वतविय" वाक्य का उल्लेख है। जिसका तात्पर्य यह था कि आज्ञा प्रेषित करते समय अशोक ने नगर व्यवहारिक को सम्बोधित किया था। इसमें नगल (नागरिक) तथा वियोहालका (व्यावहारिक) शब्दों को पृथक् कर दो पदाधिकारी का अर्थ प्रस्तुत करना युक्तिसंगत नहीं है। अर्थशास्त्र में पुरव्यवहारिक शब्द का प्रयोग मिलता है। अतः पुरव्यवहारिक से नगल वियोहालक की समता की जा सकती है। इस कर्मचारी की नियुक्ति नगर शासन के लिए होती थी। इनके द्वारा अशोक अपने धार्मिक अथवा राजकीय विचारों को जनता तक पहुँचाता था ताकि उसके उद्देश्यकी पूर्ति हो जाय।

शिलालेख ५, १२ तथा स्तम्भ लेख ७ में धर्ममहामात्र की नियुक्ति एवं कार्यों का विवरण मिलता है। जनता में धर्म प्रचार करना उसका कार्य था। अशोक ने स्पष्ट लिखा है कि

धर्ममहामात्र

उससे पूर्व धर्ममहामात्र नामक पदाधिकारी न थे। उसी ने इस कर्मचारी की नियुक्ति की है। (५ वां शिलालेख)। धर्म की रक्षा, सीमा पर जातियों के हित सुख की रक्षा तथा अनाथों और वृद्धों में उनके हित का चिन्तन करना महामात्र के प्रमुख कार्य थे। धर्म तथा दान सम्बन्धी सारा कार्य धर्ममहामात्र देखता था। इसके अतिरिक्त अशोक कहता है कि धर्ममहामात्र का सम्बन्ध संन्यासी तथा गृहस्थ दोनों से है। यह अन्तःपुर में भी धार्मिक कृत्य को देखेगा।

स्त्रीध्यक्ष महामात्र की नियुक्ति मौर्य कालीन सामाजिक परिस्थितियों के कारण हुई। धर्म महामात्र के पश्चात् स्त्रियों के व्यवहार में सुधार लाने की आवश्यकता को अशोक ने समझा। शिलालेख ९ में वह कहता है कि विवाह या पुत्र जन्म के अवसर पर स्त्रियाँ निरर्थक मंगलाचार करती हैं। संघों में भिक्षुणियों का नैतिक स्तर ऊँचा करना था। अतएव अशोक ने स्त्रियों के लिए पृथक् विभाग खोल कर स्त्रीध्यक्ष महामात्र, की नियुक्ति कर दी। उनका कार्य धर्म महामात्र के सदृश था।

अन्त महामात्र—प्रथम स्तम्भ लेख में इस कर्मचारी का उल्लेख है। यह सीमा के प्रदेशों का शासक था। पुरुष शब्द का प्रयोग स्तम्भ लेखों में आता है। वह शासक का सहायक था जिसे निजी सचिव कह सकते हैं। लेखों में प्रतिवेदिक शब्द को गुप्तचर के लिए प्रयुक्त कर सकते हैं जो राजा को प्रजा की कठिनाइयों की सूचना देता था।

अशोक के लेखों के आधार पर दण्ड व्यवस्था की कल्पना कठिन सा कार्य है। वह प्रजा को पुत्रवत् मानता था अतएव कठोर दण्डों को अमानुषिक समझता था। स्तम्भलेख ४ में प्रांतपति राजुक को धाई के समान उल्लिखित किया है जो बच्चों (प्रजा) की देख-भाल करे। उसी लेख में—"वियोहालसमता व सिय दंड-समता च" वाक्य का भी प्रयोग है। इस दण्डसमता से पता लगता है कि अशोक ने दण्ड विधान को मानवीय स्तर प्रदान कर दिया था जिससे राष्ट्रीय निर्माण में कोई बाधा न होवे। दयालुता के कारण वह मृत्युदण्ड पाने वाले व्यक्तियों को तीन दिन का समय प्रदान करता था। उसका उद्देश्य यह था कि स्यात् परिवार के लोग उस अपराधी को बचाने का मार्ग ढूँढ़ निकालें (स्तम्भलेख ४) प्रजा के कष्ट को देखने

कर्मचारियों का दौरा

के लिए पदाधिकारियों को प्रत्येक पाँच वर्ष पर दौरा करने की आज्ञा अशोक ने प्रदान की थी (कलिंग का प्रथम शिलालेख) उनके विचार से नरम, क्रोध रहित तथा दयालु कर्मचारियों को दौरा पर आना चाहिए जो अशोक के आज्ञानुसार कार्य करते रहें। उज्जयिनी तथा तक्षशिला के कर्मचारी के लिए तीसरे वर्ष पर दौरा करना अनिवार्य था। इस प्रकार अशोक ने पूर्व प्रचलित शासन पद्धति को इस रूप में मोड़ दिया कि राजाज्ञा का पालन हो सके, जनता की कठिनाइयों का ज्ञान हो जाय और इस लोक में सुख तथा परलोक में स्वर्ग की प्राप्ति हो सके। अशोक मानव जीवन के अंतिम लक्ष्य (मोक्ष) की पूर्ति की कामना करता था। वास्तविक रूप में आदर्श शासन का यही फल होता है। संसार में सुख परलोक में शांति।

●

अशोक के धर्म लेख

(१) प्रधान शिला लेख

भाषा—प्राकृत
लिपि—ब्राह्मी

सन्दर्भ—का० इ० इ० (अशोक के लेख) भाग प्रथम
प्राप्तिस्थान—गिरनार (काठियावाड़) काल—ई० पू० चौथी शताब्दी

१ इय (ं) धंम-लिपि देवानं पि [प्रि] येन
२ पि [प्रि] यदसिना राजा लेख (ा) पि (ता) (।★) (इ) ध न कि-
३ चि जीवं आरभित्पा [त्पा] प [प्र] जूहितव्यं [व्यं] (।★)
४ न च समाजो कतव्यो [व्यो] (।★) बहुकं हि दोसं
५ समाजम्हि पसति देवानं पि [प्रि] यो पि [प्रि] यदसि राजा (।★)
६ अस्ति पि तु एकचा समाजा साधु-मता देवानं
७ पि [प्रि] यस पि [प्रि] यदसिनो राञो (।★) पुरा महानसम्हि
८ देवानं पि [प्रि] यस पि [प्रि] यदसिनो राञो अनुदिवसं ब-
९ हूनि पा [प्रा] ण-सत-सहस्रा [स्रा] नि आरभिसु सूपाथाय (।★)
१० से अज यदा अयं धंम-लिपि लिखिता ती एव पा [प्रा]-
११ णा आरभरे सूपाथाय द्वो मोरा एको मगो (।★) सो पि
१२ मगो न ध्रुवो (।★) एते पि त्री [त्री] पा [प्रा] णा पछा न आरभिसरे (।।★)

[२]

भाषा—प्राकृत वही
लिपि—ब्राह्मी

१ सर्वत विजितम्हि देवानंपि [प्रि] यस पियदसिनो राञो
२ एवमपि प [प्र] चंतेसु यथा चोडा पाडा सतियपुतो केतलपुतो आ तंब-
३ पंणी अंतियं (ो★) को योन-राजा ये वा पि तस अंतियं (ो★) कस सामीपं (ा)
४ राजानो सर्वत [त्र] देवानंपि [प्रि] यस पि [प्रि] यदसिनो राञो द्वे चिकीछ (।★) कता
५ मनुस-चिकीछा च पसु-चिकीछा च (।★) ओसुढानि च यानि मनुसोपगानि च
६ पसो (प) गानि च यत यत नास्ति सर्वत्र [त्र] हारापितानि च रोपापितानि च (।★)
७ मूलानि च फलानि च यत यत नास्ति सर्वत हारापितानि च रोपापितानि च (।★)
८ पंथेसू कूपा च खानापिता व्रं [व्र] छा च रोपापित (ा) परिभोगाय पसुमनुसानं (।।★)

[३]

भाषा—प्राकृत वही
लिपि—ब्राह्मी

१ देवानंपि [प्रि] यो पियदसि र (।★) जा एवं आह (।★) द्वादस-वासाभिसितेन मया इदं आञपितं (।★)

२ सर्वत विजिते मम युता च राजूके च पां [प्रा] देसिके च पंचसु पंचसु वासेसु अनुसं-
३ य (ा) न (ं) f (न) यातु एतायेव अथाय इमाय धंमानुसस्टि [स्टि] य यथा अना
४ य पि कंमाय (।★) (स) ाधु मातरि च पितरि च सुसूं [सू] सा मितासंस्तुत जातीनं बाम्हण-
११ धंञगिरि-तंस-पयुतं सपटो १ असो १ अस-रथो १ गावीनं १०० (।★) असमेधो यंञो बितियो (यि★) ठो दखिनायो (दि) ना असो रुपाल- (का) रो १ सुवंन....नि १० [+ ★] २ दखिना दिना काहापना १०००० [+ ★] ४००० गामो १ (हुठि).... (दखि) ना दि (ना)

१२ गावो—सकटं धंञगिरितस-....पयुतं....(।★) ★ोवायो यंञो........१० [+ ★] ७ (धेनु?) ....(★) ो (★) ोवाय....सतरस

१३ ....१० [+ ★]७ अच....न....लय....पसपको दि (नो)........(दखि) ना दिना सु....पीनि १० [+ ★] २ अ (?) सो रुप (ाल) कारो १ दखिना काहाप (ना) १००००........२

१४ ....गावो २०००० (।★) (भगल)-दसरतो यंञो यि (ठो) (दखिना) (दि) ना (गावो) १०००० । गर्गतिरतो यञो यिठो (दखिना)........पसपको पटा ३०० । गवामयनं यञो यिठो (दखिना दिना) गावो १००० [+ ★] १०० । ....गावो १००० [+ ★] १०० (?) पसपको काहापना....पटा १०० (।★) अतुयामो यञो....

१५ ....(ग) वामयनं य (ञो) दखिना दिना गावो १०००० [+ ★] १०० । अंगीरस (ा) मयनं यञो यिठो (द) खिना गावो १००० [+ ★] १०० । त........(दखिना दि) ना गावो१००० [+ ★] १०० । सतातिरतं यञो......१००....(।★)....(य)ञो दखिना ग (ा) (वो) १००० [+ ★] १०० (।★) अंगिरस (ति) रात्र: यञो यिठो (दखि) ना गा (वो)....(।★)....

१६ ....(गा) वो १००० [+ ★] २ (।★) छन्दोमप (व) मा (नतिरात्र:) दखिना गावो १००० । अं (गि) र (सतिर) तो यं(ञो) (यि) ठो द (खिना).... रतो यिठो यञो दखिना दिना....(।★)....तो यंञो यिठो दखिना....(।★)....यञो यिठो दखिना दिना गावो १००० ।

१७ ....न स सयं........दखिना दिना गावो........त....(।★) (अं) गि (रसा) मयनं छवस........(दखि) ना दिन गाव १०००....(।★)....(दखिना) दिना गावो १००० । तेरस........अ....(।★)

१८ ......(।★) तेरसरतो स....छ....(अ)ग-दखिना दिना गावो....(।★)....वसरतो म....(दि) ना गावो १०००० । उ...........१००० । द....

१९ ....(यं) ञो दखिना दि (ना) ....

२० ....(द) खिना दिना........

गोतमी पुत्र शातकर्णि का नासिक गुहालेख

भाषा—प्राकृत | प्राप्ति-स्थान—नासिक, महाराष्ट्र

लिपि—ब्राह्मी | काल—ई० स० दूसरी शताब्दी

(तिथि १८ वें वर्ष)

ए० इ० भा० ८ पृ० ७१

१ सि (धं ((॥★) सेनाये (व) जयं (त) ये विजय-खधावारा (गो) वधनस बेना-कटक-स्वामि गोतमि-पुतो सिरि-सदकणि

२ आनपयति गोवधने अमच (बिराहु) पालितं (।★) गामे अपर-कखडि (ये) (य) खेतं अजकालकियं उसभदातेन भूतं निवतन

३ सतानि बे २०० एत अम्ह-खेत निवतण-सतानि बे २०० इमेस पवजितान तेकिरसिण वितराम (।★) एतस चस खेतस परिहार

४ वितराम अपावेसं अनोमस अलोण-खा (दकं) अरठसविनयिकं सवजा-तपारिहारिक च (।★) ए(ते)हि नं परिहारेहि परिह (र) हि (।★)

५ एते चस खेत-परिहार (रे) च एथ निबधापेहि (।★) अवियेन आणतं (।★) अम-चेन सिवगुतेन छतो (।★) महासमियेहि उपरखितो (।★)

६ दता पटिका सवछरे १० (★।) ८ वास-पखे २ दिवसे १ (।★) तापसेन कटा (॥★)

गोतमी पुत्र शातकर्णि का नासिक गुहालेख

(तिथि २४वें वर्ष) वही

वही | वही

१ सिद्धं (॥★) गोवधने अम(च)स सामकस (दे)यो (रा)जाणितो (।★)

२ रञो गोतमिपुतस सातकणि (स) म(ह) देवोय च जीवसुताय राजमातुय वचनेन गोवधने (अम★) चो सामको आरोग वतव (।★) ततो एव च

३ वतवो (।★) एथ अम्हेहि पवते तिरण्हुम्हि अम्ह-धमदाने लेणे पतिवसतानं पवजितान भिखन गा(मे) कखडीसु पुव खेतं दत (।★) त च खेत

४ (न) कसते (।★) सो च गामो न वसति (।★) एवं सति य दानि एथ नगर-सीमे राजकं खेतं अम्ह-सतकं ततो एतेस पवजितान भिखूनं तेरण्हुकानं दद(म)

५ खेतस निवतण-सतं १०० (।*) तस च खेतस परिहार वितराम अपावेस अनोमस अ-लोण-खादक अ-रठ-सविनयिक सव-जात-पारिहारिक च (।*)

६ एतेहि न परिहारेहि परिहरेठ (।*) एत चस खेतपरीहा(रे) च एथ निबधापेथ (।*) अवियेन आणत (।*) पटिहार (र*)-रखिय लोटाय छतो लेखो (।*) सवछरे २० [+ *] ४

७ वासान पखे ४ दिवसे पचमे ५ (।*) सुजिविना कटा (।*) निबधो-निबधो सवछरे २० [+ *] ४ गिहान पखे २ दिवसे १० (॥*)

पुलमावि का कार्ले गुहालेख

वही वही

(तिथि ७वें वर्ष)

१ रञो वासिठिपुतस सामि-सिरि-(पुलुमाविस*) सवछरे सतमे ७ गिम्ह-पखे पचमे ५

२ दिवसे पथमे १ एताय पुवाय ओखलकियानं महार(थि) स कोसिकिपुतस मित-देवस पुतेन

३ (म*) हारथिना वासिठिपुतेन सोमदेवेन गामो दतो वलुरक-संघस वलुरक-लेनस स-करुकरो स-देय-मेयो (॥*)

पुलमावि का नासिक गुहालेख

वही वही

(तिथि १९वें वर्ष)

१ सिद्धं (॥*) रञो वासिठीपुतस सिरि-पलुमायिस सवछरे इकुनवीसे १० [+ *] ९ गीम्हाणं पखे बितीये २ दिवसे तेरसे १० [+ *] ३ राजरञो गोतमी-पुतस हिमव (त)-मेरु

२ मंदर-पवत-सम-सारस असिक-असक-मुलक-सुरठ-कुकुरापरंत-अनुप-विदभ-आकारावंति-राजस विभछवत-पारिवात-सय्ह (ह्य)-कण्हगिरि-सचसिरि-टन-मल-यमहिव-

३ सेटगिरि-चकोर-पवत-पतिस सवराज (लोक) म (ं) डल-पतिगहीत-सासनस दिवसकर-(क) र-बिबोधित-कमलविमल-सविस-वदनस तिसमुद-तोय-पीत-वाहनस पतिपू (ं) ण-चद-मडल-ससिरीक-

४ पियदसनस वर-वारण-विकम-चारु-विकमस भुजगपति भोग-पीन-वाट-विपुल-दीघ-सुद (र*)-भुजस अभयोदकदान-किलिन-निभय-करस अविपन-मातु-सुसूसाकस सुविभत-तिवग-देस-कालस

५ पोरजन-निविसेस-सम-सुख-दुखस खतिय-दप-मान-मदनस सक-यवन-पल्हव-निसूदनस धमो-पजित-कर-विनियोग-करस कितापराने पि सतु-जने अ-पाणहिसा-रुचिस दिजावर-कुटूब-विवध-

६ नस खखरात-वस-निरवसेस-करस सातवाहनकुल-यस-पतिथापन-करस सव-मंडला-भिवादित-च (र*) णस विनिवतित-चातुवण-संकरस अनेक-समरावजित-सतु-सघस अपराजित-विजयपताक-सतुजन-दुपधसनीय-

७ पुरवरस कुल-पुरिस-परपरागत-विपुल-राज-सदस आगमान (नि)लयस सपुरिसानं अस-यस सिरी(ये) अधिठानस उपचारान पभवस एककुसस एक-धनुधरस एक-सूरस एक-बह्मणस राम-

८ केसवाजुन-भीमसेन-तुल-परकमस छण-धनुसव-समाज-कारकस नाभाग-नहुस-जनमेजय-सकर-य(या)ति-रामाबरीस-सम-तेजस अपरिमितमखयमचितभुत पवन-गरुल-सिध-यख-राखस-विजाधर-भूत-गंधव-चारण-

९ चद-दिवाकर-नखत-गह-विचिण-समरसिरसि जित-रिपु-सघस नागवर-खधा गगनतल-मभि-विगाढस कुल-विपु(लसि) रि-करस सिरि-सातकणिस मातुय महादेवीय गोतमीय बल-सिरीय सचवचन-दान-खमाहिसा-निरताय तप-दम-निय-

१० मोपवास-तपराय राजरिसिवधु-सदमखिलमनुविधीयमानाय कारित देयधम (केलासपवत★) सिखर-सदिसे (ति)रण्हु-पवत-सिखरे विम-(ान★) वर- निविसेस-महिढीकं लेण (।★) एत च लेण महादेवो महाराज-माता महाराज-(पि)तामहो ददाति निकायस भदाव-नीयान भिखु-सघस (।★)

११ एतस च लेण(स) चितण-निमित महादेवीय अयकाय सेवकामो पिय-कामो च ण(ता) ★ ★ ★ ★ (दखिणा) पथेसरो पितु-पतियो धमसेतुस (ददा)ति गामं तिरण्हु-पवतस अपर-दखिण-पसे पिसाजिपदक सव जात-भोग-निरठि (॥★)

पुलमावि का नासिक गुहालेख

वही | वही

(तिथि २२ वें वर्ष) वही

१ सिद्धम् । नवनर-स्वामी वासिठी-पुतो सिरि- पुलुमवि (आ) नपयति गोवधने आमच

२ सिवखदिल य अ (म्हे हि) सव १० [+★] ९ गि प २ दिव १० [+★) ३ धनकट-समनेहि यो एथ (पवते) तिर (ण्हुम्हि★)....न धं (म) सेतुस (ले) णस पटिसंथरणे (दत) अखय(नीवि★)-हेतु एथ गोवधनाहारे दखिण-मगे गामो सुदिसणा भिखुहि देवि-लेण-वासीहि निकायेन भदायनियेहि (प)तिगय दतो (।★) एतस दान-गामस सुदिसन (स) परिवटके एथ गोवधन(हारे) पुव-मगे

३ गाम समलिपद ददाम (।★) एत त मह-अइरकेन ओदेन धमसेतुस लेणस पटिसंथरणे अखय-निवि-हेतु गाम सामलिप(द) (भिखुहि देवि)–लेण-(वासीहि★) (निका)-येन भदायनियेहि पति(ग)ह्-(ओ) यप (पे)हि (।★) एतस च गामस सामलि-(पदस भिखुहल-परिहार)

४ वितराम अपा(वे)स अनोमस अ(लो)णखादक अरठसविनविक सवजात-पारि-हारिक च (।★) एतेहि न परिहारेहि परिहरेहि (।★) एत च गाम- समलिपद-प (रि) हारे च एथ निबधापेहि सु (दिसन) गामस च (।★) सुदिसना (स)-विनिब (ध★) कारेहि अणता (।★) महासेनापतिना मेधुनेन....ना छतो (।★) बटि (का)....केहि ....तो (।★) दता पटिका सव २२ गि पखे★ दिव ७ (।★) ★ तकणिना कटा (।★) गोवधन-वाथवान फा(सुकाये) विराहुपालेन स्वामि-वणन णत (।★) नम भगव-सपति पवपस जिनवरस बुधस (॥★)

पुलमावि का कार्ले गुहालेख

भाषा—प्राकृत
प्राप्ति-स्थान—पूना के समीप-महाराष्ट्र
लिपि—ब्राह्मी
काल—ई० स० दूसरी शता०

(तिथि २४वें वर्ष)

ए० इ० भा० ७ पृ० ६१

१ सिध (।*) रञो वासिठिपुतस सिरि-पुलुमाविस सवछरे चतुविसे २० [+ *]४ हेमंतान पखे ततिये ३ दिवसे बि-

२ तिये २ उपासकस हरफरणस सेतफरण-पुत्तस्य सोवसकस्य अबुलामाय वथवस्य इम देयधम मडपो

३ नव-गभ माहासघियानं परिगहो सघे चातुदिसे दिन मातापितुनं पुजा-(ये*) सब-सतानं हित-सुघ-स्थतये (।*) एक (वि) से सं-

४ वछरे निठितो सहेत च मे पुन बुधरखितेन मातर चस्य दि....उपासिकाय (।*) बुध-रखितस मातु देयधंम पिठो अनो (।।*)

यज्ञ शातकर्णि का नासिक गुहालेख

वही
प्राप्ति-स्थान—नासिक महाराष्ट्र

(तिथि ७वें वर्ष)

ए० इ० भा० ८ पृ०९४

१ सिधं (।*) रञो गोतमिपुतस सामि-सिरि-यञ-सातकणिस सवंछरे सातमे ७ हेमताण पखे ततिये ३

२ दिवसे पथमे कोसिकस महासे(णा)पतिस (भ)वगोपस भरिजाय माहसेणापतिणिय वासुय लेण

३ बोपकि-यति-सुजमाने अपयवसित-समाने बहुकाणि वरिसाणि उकुते पयवसाण नितो चातुदि-

४ सस च भिखु-सघस आवसो दतो ति ।।

अध्याय १५

शक, पह्लव तथा कुषाण वंशी लेख

ईरानी तथा यूनानी लोगों के अतिरिक्त भारत पर जिन विदेशियों ने आक्रमण किया, उन सभो का मूल स्थान चीन के पश्चिमी भूभाग यानी मध्यएशिया का पूर्वी प्रदेश माना जाता है। भारत में यूनानी शासन का अन्त ईसवी सन् पूर्व पहली सदी में हुआ जिसमें मध्य एशिया के खानाबदोश जाति का विशेष हाथ था। चीन के इतिहास का अनुशीलन यह बतलाता है कि भारतीय ईरानी वंश के युईची नामक जाति मंगोलिया के उत्तरी पूर्वी भाग पर शासन कर रही थी। हूण राजा चियू युईची को बुरी तरह परास्त किया, इस कारण पराजित समूह तितर-बितर हो गया। उनके दो विभाग हो गए—बड़ा युईची तथा छोटा युईची समूह। पहला समूह पश्चिम की ओर चला गया तथा छोटे युईची तिब्बत के भूभाग में प्रवेश कर गए। बड़ी युईची जाति को पुनः पराजित होना पड़ा और पश्चिम की दिशा में उन्होंने सई (शक) लोगों पर विजय प्राप्त की ।

विदेशी जातियों का भारत आगमन

विद्वानों का मत है कि शक लोगों ने बल्ख के भूभाग पर अधिकार कर यूनानी शासन का अंत कर दिया था। किन्तु युईची जाति के लगातार आक्रमण से शक लोग शान्त न बैठ सके और उन्हें बल्ख (बैक्ट्रिया) को छोड़ना पड़ा। उसी समय शक जाति दो शाखाओं में बँट गई। एक शाखा काबुल तथा हेरात होकर सिस्तान (शकस्थान) में निवास करने लगी।

ईरान के उत्तर पश्चिम में पार्थिया नामक राज्य था। जस्टिन का कथन है कि पार्थिया के शासकों ने शक विस्तार को रोका। शक तथा पार्थिया के शासकों में युद्ध हुआ। प्रारम्भिक अवस्थामें पार्थिया के शासक पराजित हुए थे किन्तु मिथ्रिडेट द्वितीय (ई० पू० १२३-८८) के शासन में पार्थिया को शक्ति का विकास हुआ और उसकी शक्ति के कारण ही शक सिथिया (शकस्थान) छोड़कर भारत में प्रवेश कर गये। इन्होंने कन्धार से बोलन दर्रा होकर सिन्ध में अपना प्रभुत्व स्थापित किया। उस वंश का पहला राजा मोग ई० पू० पहली सदी में भारत में शासन प्रारम्भ किया था। पौराणिक गाथाओं में शक तथा मुरुण्ड के नाम आते हैं। स्टेन कोनाफ का मत है कि शक तथा मुरुण्ड एक ही जाति के नाम हैं जो पूर्वी ईरान में बसे थे। दूसरी शाखा पार्थिया होकर भारत में आई जिसे पह्लव (पार्थियन) कहते हैं।

सिथिया (शकस्थान) से जो जाति-शक बोलन दर्रा होकर सिन्ध में आयी उसी ने उत्तर पश्चिम भाग (तक्षशिला का भूभाग) के शासक भारतीय यूनानी लोगों को नष्ट कर दिया। तक्षशिला के भाग में मोग, अयस, अजिलासेस अयस द्वितीय ने शासन किया था। तक्षशिला के पटिक द्वारा प्रसारित ताम्रपत्र (तिथि ७८) में मोग का नाम उल्लिखित है। यह काश्मीर प्रान्त पर भी शासन करता रहा। इस ताम्रपत्र की तिथि विक्रम संवत् से

सम्बद्ध की जाती है (७८–५७ = २३ ई०) इतना ही नहीं उस भू-भाग में अनेक लेखों की तिथि विक्रम संवत् में मिलती है। कलवान अभिलेख (खरोष्ठी) तिथि १३४ तथा तक्षशिला सिलवर स्क्रोल लेख तिथि १३६। जिस आधार पर मोग तथा उसके उत्तराधिकारियों की तिथि निश्चित की जाती है। इन शक राजाओं के नाम उनके सामन्त (क्षत्रप या महाक्षत्रप) के लेखों में पाए गए हैं। स्यात् पूर्वी ईरान से तक्षशिला तक इनका राज्य विस्तृत था। सम्भवतः इन लोगों ने ईरानी शासन पद्धति को अपनाया जिसके फलस्वरूप विभिन्न क्षत्रप (सामन्त) नियुक्त किए गए थे।

पहली सदी में उत्तर पश्चिम भारत में एक विशेष घटना हुई। विद्वानों का मत है कि दैवी प्रकोप (भूकंप) के कारण पार्थियन लोग भारत में आकर बस गये। पार्थियन राजा गुदफर ने पूर्वी ईरान से तक्षशिला पर अधिकार कर लिया। उस समय शक राजा अयस द्वितीय राज्य करता था जिसने गुदफर के भय से कुषाणों की शरण ली। किन्तु गुदफर की मृत्यु के पश्चात् अयस ने उत्तर-पश्चिम भारत तथा पश्चिमी पंजाब पर अपना प्रभुत्व स्थापित कर लिया और राज्य करता रहा। तख्ते बहाई लेख में गुदफर (गोन्डाफरनिस) का उल्लेख मिलता है जिससे पेशावर के भाग पर उसका शासन सिद्ध हो जाता है। पूर्वी ईरान से भारत आकर गुदफर ने केवल तक्षशिला के भू-भाग पर ही राज्य नहीं किया अपितु उसका राज्य सिस्तान, सिन्ध, दक्षिण पश्चिमी पंजाब, उत्तर पश्चिम का सरहदी सूबा तथा दक्षिणी अफ़-गानिस्तान तक विस्तृत रहा (मार्शल-तक्षशिला भा० १ पृ० ६०) गुदफर के सिक्के तक्षशिला तथा काबुल की घाटी से मिले हैं। चीनी इतिहास भी बतलाता है कि काबुल का भूभाग पह्लव लोगों के अधिकार में आ गया था। स्यात् काबुल का यूनानी शासक हरमेयस का अन्त गुदफर के हाथों हुआ था। हरमेयस के सिक्कों पर अग्रभाग पर उसकी आकृति खुदी है तथा पृष्ठभाग पर 'कुजुल कडफिस कुषाण यवुग' अंकित हैं। इस आधार पर अनुमान लगाया जाता है कि हरमेयस ने कुषाण राजा कुजुल से मित्रता कर गुदफर का सम्मिलित रूप से सामना किया था।

इस झगड़े में हरमेयस का अंत हो गया और गुदफर (पह्लव) तथा कुषाण राजा कुजुल में सन्धि हो गयी। तख्ते बहाई लेख (तिथि ४५ ई०) इस सन्धि वार्ता के पश्चात् अंकित किया गया होगा क्योंकि तख्ते बहाई लेख में स्टेन कोनाफ ने कम शब्द पढ़ा है जिसे वह कुजुल से एकीकरण करते हैं। यानी गुदफर के तक्षशिला विजय पश्चात् अभिलेख खुदा गया तथा पह्लव तथा कुषाण मित्र बन गए।

पह्लव नरेश गुदफर (गोन्डाफरनिस) की मृत्यु के पश्चात् उसका राज्य कुषाणों के हाथ चला आया। बेग्राम (उत्तरी अफगानिस्तान) की खुदाई से केवल गुदफर के सिक्के प्रकाश में आए हैं। जिससे स्पष्ट प्रकट होता है कि गुदफर की मृत्यु के पश्चात् काबुल का भाग किसी अन्य राजवंश के अधीन हो गया। इसका समर्थन पंजतर लेख (ई० स० ६४) से हो जाता है जिसके प्रमाण पर काबुल का क्षेत्र कुषाण अधिकार में स्वीकृत हो जाता है। चीनी इति-हास तो बतलाता है कि प्रथम कुषाण राजा कदफिसस प्रथम ने पार्थिआ, काबुल तथा काश्मीर पर विजय प्राप्त की। यानी सिन्ध नदी के पश्चिम का भाग (पार्थिया तक) कुषाण नरेश प्रथम कदफिसस के अधिकार में आ गया था।

यहाँ इस बात का उल्लेख अप्रासंगिक न होगा कि कुषाण राजा यूईची समूह के वंशज थे जिन्हें हूण जाति ने मध्यएशिया में परास्त किया था। पश्चिम की ओर बढ़कर बल्ख में अपना प्रभुत्व स्थापित किया। यूईची समूह को कालान्तर में कुषाण नाम से सम्बोधित किया गया। बल्ख (बैक्ट्रिया) से आगे बढ़ कर भारत की ओर आकृष्ट हुए। प्रथम कदफिसस (कुजुल) की मानसिक शक्ति का पता उसके कार्यों से प्रकट होता है। प्रथम उसने काबुल घाटी में हरमेयस (यूनानी राजा) से मित्रता की। संयुक्त रूप से सिक्के प्रचलित किए। कालान्तर में गुदफर से सन्धि कर अपनी शक्ति का परिचय दिया। यही कारण था कि तख्ते बहाई लेख में उसका नामोल्लेख है। मार्शल ने तक्षशिला क्षेत्र में (सिरकप का भाग) कुजुल के सिक्कों का ढेर प्राप्त किया था (तक्षशिला भा० १ पृ० ६७) जिस आधार पर गन्धार तथा तक्षशिला के भू-भाग पर कुषाणों का अधिकार सिद्ध हो जाता है। कुजुल कदफिसस अपने सपने को साकार न कर सका यानी राज्य का विस्तार अधूरा रह गया। कालवान ताम्रपत्र (तिथि १३४–५७ = ७७ ई०) में कुषाणों का उल्लेख नहीं मिलता। अतएव यह सुझाव उचित होगा कि ई० स० ७७ के पश्चात् द्वितीय कदफिस ने तक्षशिला पर अधिकार किया होगा इसके प्रमाण में तक्षशिला सिलवर स्क्रोल लेख तिथि १३६ (= ७९ ई०) का उल्लेख आवश्यक है जो तक्षशिला के क्षेत्र में कुषाण अधिकार को पुष्ट करता है।

कोलाफ तथा मार्शल का मत था कि वीम कदफिस ई० स० ७८ में गद्दी पर आया और उसने संवत् चलाया जो शक संवत् के नाम से प्रसिद्ध हुआ। उसी ने गन्धार तथा तक्षशिला जीत कर अपने पिता (कुजुल कदफिस) का सपना साकार किया। अतः यह कहना उचित होगा कि (१) ई० स० ६४ (पंजतर लेख) के पूर्व सिन्ध के पश्चिम में कुषाण शासक थे।

(२) ई० स० ७६/७ के समीप किसी दुर्घटनावश तक्षशिला थोड़े समय के लिए स्वतन्त्र हो गया।

(३) ई० स० ७९ में वीम ने गन्धार तक्षशिला क्षेत्र पर विजय प्राप्त किया। परन्तु वीम को शक संवत् का प्रवर्तक या जन्मदाता नहीं माना जा सकता। ई० स० ७८ (शक) ~~काल~~ का सम्बन्ध कनिष्क से मानते हैं। यानी उसी ने शक-संवत् चलाया। इस प्रकार शक, पह्लव तथा कुषाण भारत में प्रवेश कर शासन करते रहे।

इस विषय का उल्लेख किया गया कि शक वंशी राजाओं ने भारतीय यूनानी शासन को हटाकर उत्तर पश्चिम भारत में अपना प्रभुत्व स्थापित किया तथा शासन करने लगे। किन्तु दुर्भाग्यवश पह्लव नरेश गुदफर (गोंडाफरनिस) पश्चिमी पंजाब से तक्षशिला सिन्ध तथा सिस्तान पर अधिकार कर लिया जिस कारण शक लोगों को उत्तर पश्चिम भूभाग छोड़कर हटना पड़ा। शकों ने अपदस्थ हो जाने पर यत्र-तत्र अपना निवास स्थिर किया। उसी की एक शाखा पश्चिम भारत में पहुँची जो शक क्षत्रप के नाम से प्रसिद्ध हैं। चूँकि इनकी पदवी क्षत्रप (ईरानी पदवी) का उल्लेख गुहालेख या मुद्रालेख में मिलता है, इस कारण पश्चिमी भारत के शक क्षत्रप कहलाए। इनके दो वंशों का अभिलेख प्रकाश में आया है। क्षहरात वंश जिसमें भूमक तथा नहपान विख्यात शासक हुए और नासिक गुहालेख से नहपान के विषय में हमारी जानकारी हो जाती है। सम्भवतः इनका मूल निवास स्थान तक्ष-

शिला था। वहीं से विभिन्न स्थान में गये। मथुरा के एक लेख में क्षहरात घटाक का उल्लेख है। पटिक भी तक्षशिला में मोग के अधीन था। इस प्रकार क्षहरात सिथियन वंश से सम्बद्ध किए जा सकते हैं। इस क्षहरात के वंशज तक्षशिला छोड़ कर अन्यत्र चले गये जिनके लेख मथुरा तथा पश्चिमी भारत में मिले हैं। पश्चिमी भारत के क्षहरात क्षत्रप के सिक्कों पर अंकित चिन्ह मोग या अयस के सिक्कों पर दीख पड़ते हैं जो उनका अनुकरण हो सकता है। नहपान के अतिरिक्त क्षत्रप चष्टन तथा रुद्रदामन का अधिकार सौराष्ट्र तथा मालवा क्षेत्र पर था। इन्हें कार्दमक वंशी क्षत्रप कहते हैं। इन दोनों शक वंशी राजाओं के लेख शक-संवत् से ही सम्बद्ध हैं।

ईसवी सन् पूर्व पहली सदी से शक तथा कुषाण वंशी राजाओं के अभिलेख उत्कीर्ण मिलते हैं। भारत के अन्य लेखों के सदृश इन नरेशों ने प्रस्तर शिलाखण्ड, स्तम्भ, तथा प्रतिमा के अधोभाग पर लेख खुदवाया था। इस युग से महायान मत के प्रचार के कारण बौद्ध प्रतिमायें तैयार होने लगी थीं, अतः प्रतिमा की पीठ पर लेख खुदवाना स्वाभाविक घटना थी। कुषाण नरेशों के लेख बौद्ध तथा जैन प्रतिमाओं के आधार शिलाखण्ड पर उत्कीर्ण पाए गए हैं। बौद्धमत के प्रसार के कारण पश्चिमी भारत के सह्याद्रि पर्वतमाला में अनेक गुफाएँ खोदी गई। जिनकी आवश्यकता थी। अतएव शासकों ने उस कार्य में हाथ बँटाया और गुफाओं को संघ को दान दिया। यही कारण है कि नासिक, कार्ले, अजंता, कनहेरी तथा जूनार आदि गुफाओं के दीवाल पर विभिन्न शक राजाओं के उत्कीर्ण लेख प्रकाश में आये हैं। विदेशी जातियों की यह एक विशेषता थी कि उन्होंने अपने धार्मिक विचार भी उसके माध्यम से व्यक्त किया था। स्वर्ण या रजत सिक्कों पर भी शक, पह्लव तथा कुषाणों के मुद्रा-लेख उनके इतिहास जानने में अधिक सहायता करते हैं। अभिलेखों के लिखने का कोई निश्चित आधार न था। परिस्थितियों के अनुसार शासकों ने श्लाघनीय कार्य किया था। पटिक तथा अयस के ताम्रपत्र (कालवान) उसके उदाहरण हैं।

लेखों के आधार

विदेशी जातियाँ भारत के पश्चिमोत्तर प्रांत या सिन्ध-घाटी के मुहाने पर आकर बस गईं और क्रमशः शासक बन बैठीं। गान्धार तथा पंजाब का प्रांत ईसा पूर्व कई सदियों से ईरानी, यूनानी अधिकार में रहा अतएव वहाँ ईरानी प्रभाव स्पष्ट रूप से दीख पड़ता है। ईरान के प्राचीन शासकों ने फोनिशियन लोगों की लिपि (सेमिटिक) को अपनाया जो कालान्तर में खरोष्ठी के नाम से प्रसिद्ध हुई। उसका प्रभाव कई सदियों तक बना रहा। अशोक के दो लेख—मनसेरा तथा शाहबाजगढ़ी—सीमान्त प्रदेश में खरोष्ठी लिपि में ही खोदे गये, यद्यपि अन्य सारे अशोक के धर्मलेख ब्राह्मी में लिखे गये थे। उस भूभाग की प्रचलित लिपि को शक या कुषाण राजाओं को भी अङ्गीकार करना पड़ा। यही कारण था कि पश्चिमोत्तर प्रदेश तथा पंजाब में जो लेख उपलब्ध हुए हैं, सभी खरोष्ठी में हैं। इस प्रसंग में ईरानी लेख सीमा के बाहर हैं। यूनानी नरेशों ने जब उस भूभाग पर शासन आरम्भ किया तो मुद्रालेख, दो लिपियों में अंकित कराया। अग्रभाग पर यूनानी अक्षर तथा पृष्ठभाग पर खरोष्ठी लिपि में मुद्रा-लेख। यूक्रतिद, मिलिन्द, अगथुकल, अंतिलिकित तथा हरमेयस के मुद्रा-लेख खरोष्ठी में भी उपलब्ध

भाषा तथा लिपि

हुए हैं। पह्लव राजा मोग तथा अयस के सिक्कों पर खरोष्ठी में लेख अंकित है। बिजौर रियासत का लेख का खरोष्ठी में होना स्वाभाविक था। यहाँ तक कि शकों के सामंत रंजुबल तथा सोडास उस लिपि को साथ लेते गये और मथुरा में खरोष्ठी लिपि का ही प्रयोग किया (मथुरा सिंह स्तम्भ लेख) वह विचार अधिक समय तक सबल न रह पाया और सोडास को स्थानीय लिपि (ब्राह्मी) को अपनाना पड़ा। मथुरा के अन्य सभी लेख सोडास ने ब्राह्मी लिपि में खुदवाया (ए० इ० भा० ९ पृ० २४७) शकों के प्रायः अन्य सभी लेख खरोष्ठी में ही मिलते हैं—जो पंजाब या पश्चिमोत्तर प्रांत से प्राप्त हुए हैं। कुषाण नरेश इस प्रथा से अछूते न रह सके। वीम का मुद्रा-लेख खरोष्ठी में अंकित है। कुषाणवंशी अभिलेखों को लिपि के आधार पर दो विभागों में विभक्त किया जा सकता है। कनिष्क तथा उसके उत्तराधिकारियों ने जितना लेख उत्तर पश्चिम भारत में उत्कीर्ण कराया, वह सभी खरोष्ठी में हैं। पंजाब से पूर्व प्रदेशों में उन्हीं शासकों के अभिलेख (प्रस्तर खण्ड, स्तम्भ या मूर्ति की पीठ) ब्राह्मी में अंकित उपलब्ध हुए हैं।

खरोष्ठी	ब्राह्मी
स्यूविहार, जेदा, आरा मानिक्याला, कुर्रम तथा वार्डक	कनिष्क—सारनाथ कौशाम्बी सहेतमहेत हुविष्क—मथुरा, प्रतिमा लेख; लखनऊ, जैन प्रतिमा लेख

शक क्षत्रपों में नहपान का युग विशेषतया उल्लेखनीय है। यह तो निर्विवाद है कि सर्वप्रथम क्षत्रप नरेशोंने कुषाणों के सामंत होने के कारण खरोष्ठी का प्रयोग मुद्रा-लेख के लिए किया था किन्तु स्थानीय आवश्यकता के कारण नहपान ने ब्राह्मी की शरण ली। उसके नासिक गुहालेख ब्राह्मी में खुदे हैं। महाक्षत्रप रुद्रदामन के मुद्रालेख तथा प्रशस्ति (संस्कृत) ब्राह्मी में उत्कीर्ण हुई।

आश्चर्य तो यह है कि इन विदेशी जातियों को प्राकृत भाषा अपनानी पड़ी। अशोक का मानसेरा का लेख प्राकृत भाषा में है। पश्चिमोत्तर प्रांत तथा पंजाब के उपर्युक्त लेख प्राकृत भाषा में ही उपलब्ध हैं। मुद्रालेख इससे पृथक् न रह सके। यूनानी या शक नरेशों के मुद्रालेख खरोष्ठी लिपि किन्तु प्राकृत भाषा में ही हैं। पश्चिमी प्रदेश तथा मध्यप्रदेश में शकों के समस्त अभिलेख प्राकृत भाषा में हैं। (सारनाथ, मथुरा, सहेतमहेत या नासिक लेख) सम्भवतः आर्य लोगों की भाषा संस्कृत थी। किन्तु साधारण जनता प्राकृत भाषा में ही अपना विचार व्यक्त करती रही। क्रमशः आर्य भाषा संस्कृत का प्रभाव प्राकृत पर पड़ने लगा, इसलिए विदेशी शक, पह्लव तथा कुषाण नरेशों को संस्कृत ने प्रभावित किया। मथुरा के सोडाश के अभिलेख में यह दीख पड़ता है। प्राकृत 'महाक्षत्रप सोडासस' के स्थान पर 'महाक्षत्रपस्य सोडासस्य' उल्लिखित है जो संस्कृत प्रभाव व्यक्त करता है। पहली सदी से ही ऐसा प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। कनिष्क के स्यूविहार ताम्रपत्र के लेख में खरोष्ठी लिपि तथा संस्कृत प्रभावित प्राकृत का परिज्ञान होता है। लेख निम्न प्रकार है—महरजस्य रजतिरजस्य देवपुत्रस्य कनिष्कस्य लेख के प्रारम्भिक शब्द प्राकृत भाषा के हैं (महरज या रजतिरज) उनमें

षष्ठी स (प्राकृत) के स्थान पर संस्कृत स्य जुड़ा है। संस्कृत का रूप—महाराजस्य राजाति-राजस्य होना चाहिये।

उसी राजा के सहेतमहेत तथा सारनाथ प्रतिमा लेखों की भाषा मिश्रित संस्कृत है।

लेख की भाषा	शुद्ध संस्कृत
महाराजस्य देवपुत्रस्य कणिकस्य एतये पुर्वये (सहेतमहेत लेख)	महाराजस्य देवपुत्रस्य कणिष्कस्य····एतस्यां पूर्वायां
महारजस्य कणिष्कस्य········एताये पूर्वये (सारनाथ लेख)	महाराजस्य कणिष्कस्य········एतस्यां पूर्वायां

इस प्रकार का संस्कृत प्रभाव क्षत्रपों के मुद्रालेख में भी पाया जाता है।

द्वितीय शती के क्षत्रपों के गुहालेख प्राकृत भाषा में खुदे मिले हैं। उनमें संस्कृत का प्रभाव नहीं दीख पड़ता। सबसे बड़ी घटना महाक्षत्रप रुद्रदामन के शासन काल में हुई। उसने किन कारणों से जूनागढ़ का लेख काव्यमय समास सहित तथा विशुद्ध संस्कृत में लिखवाया, यह ज्ञात नहीं। किन्तु उससे विचित्र बात यह है कि महाक्षत्रप रुद्रदामन के रजत सिक्कों पर परम्परागत प्राकृत भाषा में ही निम्न प्रकार का मुद्रा लेख अंकित मिला है—

राज्ञो क्षत्रपस जयदाम पुत्रस राज्ञो महाक्षत्रपस रुद्रदामस।

शक-पह्लव, क्षत्रप तथा कुषाण वंशी लेखों में दो प्रकार की तिथि गणना मिलती है। शक पह्लव अभिलेख प्रायः विक्रम संवत् (ईसापूर्व ५७) से सम्बन्धित हैं अतएव उनके लेखों में उल्लिखित तिथियों की (विक्रम-संवत् से) गणना से शासक के तिथियाँ तथा शक-संवत् राज्य काल का परिज्ञान हो जाता है। इस प्रसंग में पह्लव सामंत सोडास का मथुरा लेख तथा पटिक का तक्षशिला ताम्रपत्र का नामोल्लेख आवश्यक प्रतीत होता है। मथुरा लेख के आरम्भ में महाक्षत्रप सोडासस संवत्सरे ७२ (७० + २) का उल्लेख है। पटिक के ताम्रपत्र में संवत्सरये ७८ (२० + २० + २० + १० + ८) प्रारम्भ में ही अंकित है। इसे विक्रम संवत् से मुक्त कर पटिक की तिथि ई० सं० २१ (७८ – ५७) सिद्ध हो जाती है। गुदफास के लेख (तख्तेबहाई) की तिथि १०३ (१०३ – ५७ = ई० स० ४६) तथा अयस के कलवान ताम्रपत्र की तिथि १३४ (१३४ – ५७ = ई० स० ७७) उल्लिखित है। कुछ विद्वान् इसे प्राचीन शक-काल (सम्भवतः ई० पू० ८४) से सम्बन्धित करते हैं। अतः अयस की तिथि ई० स० ५० हो जाती है। किन्तु कुषाण नरेशों ने एक नए संवत् का प्रयोग किया जो शक-संवत् कहा जाता है और जिसे प्रथम कनिष्क ने ई० स० ७८ में शुभारम्भ किया था। गणना से कुषाण तथा क्षत्रप के लेख एवं सिक्के की तिथियाँ सम्बन्धित हैं। कनिष्क के उत्तराधिकारी भी इसी गणना का प्रयोग करते रहे। इस प्रकार लेखों में तिथियाँ ३ से ८० तक उल्लिखित हैं यानी ई० स० ८१ (३ + ७८) से ई० स० १५८ तक कुषाण शासन काल सुव्यवस्थित रहा। कुषाण लेखों के आधार पर निम्न तिथियाँ उल्लिखित की जा सकती हैं।

कनिष्क	वर्ष	१ –२३
वाशिष्क	,,	२४–२८

हुविष्क	"	२८–६०
कनिष्क द्वितीय	"	४१
वासुदेव	"	६७–९८

कुषाणों के क्षत्रप सामंत पश्चिमी भारत-काठियावाड़, गुजरात, मालवा एवं महाराष्ट्र पर कई सदियों तक शासन करते रहे। उनके अभिलेख तथा मुद्रालेख में उल्लिखित तिथियाँ शक-संवत् से सम्बन्धित हैं। यहाँ गणना के नामकरण के सम्बन्ध में दो शब्द कहना आवश्यक है। कुषाण सम्राट् प्रथम कनिष्क ने ई० स० ७८ में एक संवत् की स्थापना की जो कुषाण संवत् के बदले शक-संवत् के नाम से प्रसिद्ध है। स्यात् पश्चिमी भारत में बहुत समय तक शक क्षत्रप इस संवत् का प्रयोग करते रहे अतएव इसका नाम शक-संवत् प्रसिद्ध हो गया उज्जयिनि के प्राचीन गणितज्ञों ने प्रचलित शक-संवत् को ही अपने ग्रंथों में उल्लेख किया जो विक्रम संवत् के साथ पंचांग में पाया जाता है। कालान्तर में इसे सालिवाहन शक भी कहने लगे। आज हमारे राष्ट्रीय संवत् के स्थान पर शक-संवत् (काल) का प्रयोग सर्वत्र हो रहा है।

शक क्षत्रप नहपान के लेखों की तिथियाँ ४१, ४२ (नासिकलेख) या ४६ (जूनार लेख) ज्ञात हैं। उनमें शक संवत् जोड़ कर ई० स० १२४ (४६ + ७८) में + नहपान का राज्यकाल निश्चित हो जाता है। महाक्षत्रप रुद्रदामन के जूनागढ़ लेख में रुद्रदाम्नो वर्षे द्विसप्ततितमे (७२) वाक्य का उल्लेख है। यानी इसे शक काल से सम्बद्ध कर तिथि व्यक्त की जाती है। वह शासक ई० स० १५० (७२ + ७८) में राज्य करता था।

शक क्षत्रप के रजत सिक्कों पर भी जो तिथियाँ अंकित हैं उनका सम्बन्ध शक काल (ई० स० ७८) से स्थापित किया जाता है। मालवा के भूभाग में शक तथा विक्रम संवत् दोनों का प्रयोग होता रहा। द्वितीय चन्द्रगुप्त के पुत्र प्रथम कुमारगुप्त ने मंदसौर लेख में विक्रम काल का प्रयोग किया था। छठी सदी से वराहमिहिर आदि गणितज्ञों ने दोनों संवतों का प्रयोग किया जो आज भी जंत्रो में गणना के लिए प्रचलित है।

प्रारम्भ में इसकी चर्चा की जा चुकी है कि पह्लव गान्धार तथा पश्चिमी पंजाब में शासन करने लगे थे। उनके लेख तथा सिक्के भी इसी बात को पुष्टि करते हैं। गुदफरस तथा अयस के लेख खरोष्ठी लिपि में उपलब्ध हुए हैं। उनके सिक्कों पर खरोष्ठी में मुद्रालेख अंकित हैं। इस प्रकार उनका राज्य पंजाब तथा पश्चिमोत्तर प्रदेश में ही सीमित था। कुषाण वंश के राजा भी पेशावर में रहकर शासन करते थे। प्रथम कनिष्क के लेख पेशावर से कौशाम्बी तथा वाराणसी तक प्राप्त हुए हैं। हाल ही में भोपाल (मध्यप्रदेश) में भी एक लेख प्रकाश में आया है। कुषाण सम्राट् कनिष्क का स्यूबिहार ताम्रपत्र तथा कुर्रम का भस्मपात्र पंजाब तथा पश्चिमोत्तर प्रदेश से उपलब्ध हुए हैं जिसपर खरोष्ठी में लेख उत्कीर्ण हैं। सहेतमहेत कौशाम्बी तथा वाराणसी के लेख उत्तरप्रदेश में स्थित हैं। इस प्रकार कनिष्क का राज्य पेशावर से वाराणसी तक यानी पश्चिमोत्तर प्रदेश से मध्यदेश एवं मध्य प्रदेश तक विस्तृत प्रकट होता है। जहाँ तक उनके उत्तराधिकारियों का प्रश्न है सभी के लेख मथुरा (उत्तर प्रदेश) तक ही मिले हैं।

राज्य विस्तार

अतः दूसरी शती के मध्यकाल तक कुषाण राज्य पेशावर से लेकर मथुरा तक सीमित रहा।

क्षत्रप नरेशों के विषय में नई बातें सम्मुख आती हैं। उन्होंने कुषाण नरेशों के सामंत के रूप में राज्य आरम्भ किया किन्तु कालान्तर में स्वतंत्र हो गए। क्षत्रप सिन्ध के मुहाने से होकर पश्चिमी भारत में आए। क्रमशः मालवा, काठियावाड़, राजपुताना तथा महाराष्ट्र पर अधिकार कर लिया। यद्यपि नहपान के लेख नासिक, कार्ले, जूनार (महाराष्ट्र प्रदेश) से ही प्राप्त हैं किन्तु नासिक लेख के वर्णन से नहपान के राज्य सीमा का ज्ञान हो जाता है। इसी प्रकार रुद्रदामन का जूनागढ़ लेख गिरनार (काठियावाड़) पर्वत पर खुदा है, तथापि उसके वर्णन से महाक्षत्रप रुद्रदामन शक्तिशाली शासक प्रकट होता है। उसने बम्बई, काठियावाड़, मालवा, राजपुताना तथा सिन्ध नदी के मुहाने की भूमि पर राज्य किया था। इन प्रदेश या स्थान का नाम जूनागढ़ के लेख से सुलभ हो सका है पूर्वपराकरावन्ती (मालवा) अनूप (महिष्मती) आनर्त (उत्तरी काठियावाड़) सुराष्ट्र मरु (राजपुताना) कच्छ सिन्धु सौवीर कुकुरापरान्त (साबरमती-उत्तरी कोंकण निषाद (अरवली प्रदेश) आदि। उसके उत्तराधिकारी उतने सबल न थे किन्तु उज्जयिनी तथा काठियावाड़ के भूभाग पर शासन करते रहे। गुप्त सम्राट् द्वितीय चन्द्रगुप्त ने शक क्षत्रपों को जीतकर इनके शासन का अन्त कर दिया जो उदयगिरि गुहा लेख (गु० स० ८२) तथा सांची वेष्टनी अभिलेख गु० स० ९३ के वर्णन से स्पष्ट हो जाता है। विदिसा के समीप उदयगिरि पर्वत गुहा में वैष्णव मूर्तियाँ भी गुप्त अधिकार की द्योतक हैं।

शासन पद्धति

मौर्य साम्राज्य के पश्चात् कुषाण वंश ने ही विस्तृत राज्य पर शासन किया था। पह्लव उत्तर पश्चिमी सीमान्त प्रदेश पर शासन करते रहे परन्तु उनकी शासन पद्धति विशेष उल्लेखनीय नहीं है। कनिष्क ने प्रायः समस्त उत्तरी भारत (वाराणसी तक) पर शासन किया और मध्य एशिया भी उसके साम्राज्य में सम्मिलित था। शासन की परम्परा से वह विज्ञ न था क्योंकि सम्राट् होकर इतने बड़े राज्य का शासन केन्द्रीभूत न कर सका। कनिष्क ने प्रायः कई प्रांतों में अपने साम्राज्य का बंटवारा कर दिया था——

१. पूर्वीभाग-उत्तर प्रदेश का भूभाग—इसकी राजधानी मथुरा थी। सोडास तथा रंजुबल कुषाण के अधीनस्थ शासन करते रहे।

२. सबसे पूर्वीभाग का शासन केन्द्र सारनाथ में था।

३. उत्तर पश्चिमी भाग—गन्धार का भूभाग जिसकी राजधानी तक्षशिला थी। पटिक वहाँ का सामंत था जो शासन का अधिकारी था।

४. काठियावाड (पश्चिमी भारत) जिसकी राजधानी नासिक थी।

५. मालवा तथा राजपुताना का प्रदेश—इस भू-भाग की राजधानी उज्जयिनी थी।

विद्वानों का ज्ञात है कि कुषाण के सामंत (प्रांतपति) क्षत्रप की पदवी से विभूषित थे। यह शब्द ईरानी क्षत्रपावन (पृथ्वी का स्वामी) से विकृत होकर क्षत्रप बन गया किन्तु उसका भाव बना ही रहा। चारों प्रान्तों के शासक क्षत्रप कहे जाते थे। पटिक का ताम्रपत्र,

सोडास का मथुरा अभिलेख, नहपान के नासिक तथा जूनार लेख तथा रुद्रदामन के शिलालेख इस बात की पुष्टि करते हैं कि कुषाण शासन का विकेन्द्रीकरण हो गया था तथा प्रदेश के सामंत क्षत्रप थे। क्षत्रप तथा महाक्षत्रप की दो पदवियां लेखों में उल्लिखित मिलती हैं। सम्भवतः क्षत्रप अधीन परिस्थिति का तथा महाक्षत्रप स्वाधीनता का द्योतक था। परन्तु इस सम्बन्ध में वाक्य कहना कठिन है। नहपान नासिक लेख में क्षहरात क्षत्रप कहा गया है किन्तु जूनार गुहा लेख में अपने को महाक्षत्रप घोषित करता है। जूनागढ़ शिलालेख में रुद्रदामन महाक्षत्रप की पदवी से विभूषित है पर उसका पिता क्षत्रप जयदामन कहा गया है। सम्भव है रुद्रदामन स्वतंत्रता की घोषणा कर चुका था। मथुरा का शासक रंजुवस को महाक्षत्रप कहा गया है। सारनाथ के बुद्ध प्रतिमा लेख में वनस्पर क्षत्रप तथा खरपल्लान महाक्षत्रप उल्लिखित हैं। ये दोनों कनिष्क के अधीन होकर पूर्वी भाग में शासन करते थे। अतएव इन पदवियों के आधार पर कोई निर्णय नहीं किया जा सकता। यह तो निश्चित रूप से कहना उचित होगा कि कुषाण द्वारा प्रांतपति के पद पर नियुक्त होकर शासकों ने स्वतंत्र रीति से राज्य किया था।

यदि लेखों पर ध्यान दिया जाय तो ज्ञात होगा कि उपर्युक्त सभी क्षत्रप या महाक्षत्रप उत्तर पश्चिम से आये थे। यानी कुषाण राजाओं ने उन्हें नियुक्त कर शासक के रूप में भेजा था। निम्न बातों पर ध्यान देने से समस्त विषयों की जानकारी हो जाती है।

१. क्षत्रप या महाक्षत्रप के प्रारम्भिक लेख खरोष्ठी लिपि तथा प्राकृत में मिले हैं। उत्तर पश्चिम (गान्धार) भारत के खरोष्ठी का ही प्रचार था। अशोक से लेकर कुषाण नरेशों के समस्त लेख उस भाग में खरोष्ठी (लिपि) में अंकित किए गये थे। मथुरा का सिंह स्तम्भ लेख सोडास द्वारा खरोष्ठी में खुदवाया गया था। नहपान के मुद्रालेखों में खरोष्ठी का प्रयोग मिलता है। शनैः-शनैः परिस्थिति के अनुसार लिपि का परिवर्तन कर दिया और पंजाब के पूरब या पश्चिम भारत में शक लेख ब्राह्मीलिपि प्राकृत भाषा सहित खोदे गये। सोडास के अन्य मथुरा लेख, सारनाथ बुद्ध प्रतिमा लेख, नासिक गुहालेख, जूनागढ़ शिलालेख तथा मुद्रा लेख ब्राह्मी में ही मिलते हैं। यह स्थानीय परिस्थिति का फल था किन्तु क्षत्रपों का खरोष्ठी से सम्बन्ध उत्तर पश्चिम भारत से उनका नाता जोड़ता है।

२. क्षत्रपों के नाम सिथियन प्रकार के थे जो क्रमशः भारतीय शैली के हो गए। उदाहरणार्थ–नहपान, सोडास, घसमोटिक।

३. तीसरी बात जिससे क्षत्रपों का सम्बन्ध कुषाणों (उत्तर पश्चिम भारत) से प्रकट होता है, स्तूप की आकृति है जो सिक्कों पर पाई जाती है। चूंकि कनिष्क बौद्ध था, अतएव स्तूप का प्रतीक बहुत समय तक प्रयुक्त रहा।

४. भारतीय यूनानी शासकों के स्थान पर ही शक उत्तर पश्चिम में राज्य करने लगे। अतएव जितने चाँदी के सिक्के प्रचलित किए वब अर्द्धद्रम के बराबर थे। भारतीय स्थानीय बातों का समावेश न हो पाया। इन कारणों से यह कहना युक्ति संगत होगा कि भारत में क्षत्रप या महाक्षत्रप शासक कुषाण के अधीन रहे। कुषाण के विकेन्द्रीकरण के कारण कुछ स्वतंत्र हो गए।

अभिलेखों के अनुशीलन से राजाओं के कार्यों पर पर्याप्त प्रकाश पड़ता है। शक, पह्लव

अथवा कुषाणों के लेखों के प्राप्तिस्थान से शासकों के प्रभाव का विस्तार प्रकट हो जाता है। शासन प्रणाली के अतिरिक्त विशेषतया शक लेखों में युद्ध गाथा का भी वर्णन उपलब्ध होता है। पश्चिमी भारत में क्षत्रपों ने सातवाहन शासन को हटा कर अपना प्रभुत्व स्थापित किया था अतएव दोनों वंशों में युद्ध का क्रम कई सदियों तक चलता रहा। सांची के तोरण पर शातकर्णि का नामोल्लेख है जिससे प्रकट होता है कि सातवाहन वंश का राज्य मालवा तक विस्तृत था। इसी के पश्चात् शक मालवा पर अधिकार कर लिए और क्षहरात वंश का आधिपत्य कई सौ वर्षों तक बना रहा। नासिक (महाराष्ट्र) तथा जूनार (पूना के समीप) के लेखों से नहपान के प्रभाव का पता चलता है। पहले वह नासिक गुहा लेख में क्षत्रप कहा गया है—

युद्धगाथा

क्षहरातस क्षत्रपस यहपानस।

जूनार के लेख में वह महाक्षत्रप पदवी से विभूषित है—

राञो महाक्षतपस सामि नहपानस (राजा महाक्षत्रप स्वामी नहपान) इस प्रकार ई० स० १२६ तक नहपान का राज्य मालवा से पूना तक विस्तृत था। नासिक गुहा लेख में वह भरुकच्छ (भरोंच) दशपुर (मालवा) गोवर्धन (नासिक महाराष्ट्र) तथा शार्पारगे (सोपारा) एवं प्रभास (काठियावाड़) का स्वामी कहा गया है। कार्ले (पूना के समीप) लेख से पता चलता है कि राजपूताना के कुछ अंशों पर उसका प्रभुत्व था। इस प्रकार नहपान काठियावाड़, राजपूताना, मालवा एवं महाराष्ट्र का स्वामी बन गया।

यदि इसके समकालीन सातवाहन लेखों का अनुशीलन किया जाय तो प्रकट होता है कि सातवाहन नरेश गोतमीपुत्र शातकर्णि ने नहपान को परास्त कर अपने वंश की राजलक्ष्मी, वैभव एवं प्रतिष्ठा को पुनः वापस लिया था। नासिक गुहालेख (तिथि १९ = १४९ ई०) में पुलमावि ने अपने पिता की प्रशंसा करते राज्यविस्तार का भी वर्णन किया है। गौतमीपुत्र शातकर्णि के लिए निम्न वाक्यों—खखरात वश निरवसेस करस (जिसने क्षहरात वंश यानी नहपान को नष्ट कर दिया) एवं सातवाहन कुलपति थापनकरस (जिसने सातवाहन वंश की प्रतिष्ठा स्थापित की) का प्रयोग किया है। उसके लेख में शातकर्णि उन स्थानों का स्वामी कहा गया है जो पहले नहपान के अधीन थे यानी युद्ध में नहपान से सभी विजित स्थानों को वापस ले लिया। सुरठ (सौराष्ट्र) कुकुर (पूर्वी राजपूताना) अपरान्त (उत्तरी कोंकण) अनूप (महिषमति का भूभाग) विदर्भ (बरार) आकराबन्ति (मालवा) विन्ध्या का भाग, परीयात्र (अरवली) सह्य (सह्याद्रि) कन्हगिरि (कृष्णगिरि = कन्टेरी, बम्बई के समीप) आदि भाग गोतमीपुत्र शातकर्णि के अधिकार में आ गये थे। इस तरह नहपान पराजित हुआ और सातवाहन पुनः राजपूताना, मालवा, सौराष्ट्र तथा महाराष्ट्र के शासक बन गये। नासिक के समीप प्राप्त नहपान के सिक्कों-जोगलम्बी सिक्कों के ढेर से इस बात की पुष्टि होती है।

जोगलथम्बी से नहपान के चौदह हजार चाँदी के सिक्के उपलब्ध हुए हैं जिनके दस हजार को शातकर्णि ने पुनः मुद्रित किया था। नहपान के मुखपर उज्जयिनि चिन्ह मुद्रित किए गए। जिस ओर खरोष्ठी में नहपान का नाम है उसी के दाहिने भाग पर ब्राह्मी

में गोतमी पुतान सातकनिस अंकित है। अतएव नहपान के पराजय का यह सबल प्रमाण उपस्थित करता है। परन्तु यह दशा बहुत समय तक रह न सकी। सन् १५० ई० में महा-क्षत्रप रुद्रदामन ने उपरिलिखित सभी प्रांतों को जीत लिया और सातवाहन राज्य आंध्रप्रदेश में सीमित रह गया। ईसवी सन् को दूसरी सदी के जूनागढ़ शिलालेख में इन्हीं स्थानों— आकरावन्ति, अनूप, सुराष्ट्र, भरुकच्छ, कुकुरट अपरान्त आदि के नाम उल्लिखित हैं जिन पर कालान्तर में रुद्रदामन शासन करने लगा था। तात्पर्य यह है कि सातवाहन पराजित हो गये और मालव राजपूताना सिन्ध तथा काठियावाड़ में शकों का शासन स्थिर हो गया। कई सदियों तक क्षत्रप शासन करते रहे। चौथी सदी में गुप्त सम्राट् चन्द्रगुप्त ने क्षत्रपों को नष्ट कर मालवा गुजरात आदि भागों पर गुप्त शासन स्थापित किया। इसका सारांश यह है कि क्षत्रप लेखों के अध्ययन से शासकों की युद्ध गाथा का वर्णन मिलता है।

क्षत्रप लेखों के परीक्षण से तत्कालीन आर्थिक अवस्था का परिज्ञान हो जाता है। उनके अभिलेखों में ग्रामदान का वर्णन करते समय आर्थिक दशा का अध्ययन स्वतः हो जाता है।

आर्थिक एवं धार्मिक स्थिति

ग्राम अधिक आबाद नहीं थे। परन्तु खेती का कार्य सुचारु रूप से होता रहा। खेती की उन्नति के लिए नदियों पर बाँध निर्माण कर सिंचाई के लिए नालियाँ भी निकाली गई थीं। गिरनार शिलालेख में वर्णन आता है कि महाक्षत्रप रुद्रदामन ने नदी के नष्ट बांध को तीन गुना मजबूत बनाया और नालियों का भी संस्कार किया। यह कार्य खेती के लाभार्थ शासक ने सम्पन्न किया ताकि जनता सुखी हो सके।

ईसवी सन् की सदियों में व्यापार के लिए श्रेणियां (निगम) बनी थीं जो बैंक का भी कार्य करती थीं। नासिक गुहालेख में इस बात का उल्लेख किया है कि वस्त्र निर्माण करने वाली संस्था (गोवधनं बाथवासु श्रेणिसु) के पास जनता धन जमाकर सूद लिया करती थी। उस लेख में वर्णन है कि दो हजार रुपया (कार्षापण) एक रुपया सैकड़े सूद की दर से तथा एक हजार पौन रुपया सूद की दर से ब्याज पर जमा किया गया था। इस सूद से भिक्षु संघ के भोजन तथा वस्त्र का प्रबन्ध किया जाता था। सम्भव है निगम की प्रतिष्ठा पर सूद का दर निश्चित हुआ करता था। उसी लेख में सोना चांदी के सिक्कों का अनुपात १ : ३५ बतलाया गया है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि पश्चिमी भारत में व्यापार की संस्थाएँ कार्य कर रही थीं। इन कारणों से दैनिक जीवन की वस्तुएँ अत्यन्त सस्ती थीं। तीन हजार कार्षापण का सूद करीब ३३० कार्षापण होता था जिस धन से बीस भिक्षुओं के लिए भोजन वस्त्र का साल भर का प्रबंध हो जाता था। यदि शक कुषाण सिक्कों का अध्ययन किया जाय तो स्पष्ट हो जाता है कि शासक गण आर्थिक स्थिति सुधारने तथा व्यापार की अभिवृद्धि के लिए जागरूक थे। भारत यूनानी राजाओं के शासन काल में भारत से रोम तक व्यापार संगठित था। और मध्य एशिया से बल्ख होकर पश्चिमी एशिया से व्यापारीगण कार्य कर रहे थे। पह्लव नरेशों के आगमन से व्यापार में कुछ शिथिलता आ गई। इन्होंने शासन कार्य के निमित्त यूनानी सिक्कों का अनुकरण किया और पश्चिमोत्तर प्रदेश में मोग अयस या गुदफर के सिक्के प्रचलित हुए थे। उस समय चांदी के सिक्के प्रचलित थे। कुषाण नरेशों ने मध्य एशिया से भारत तथा पश्चिमी एशिया से व्यापार की वृद्धि के लिए अन्तर्राष्ट्रीय धातु सोने का सिक्का चलाया।

कुषाण वंशी राजा वीम भारतीज स्वर्ण मुद्रा का जन्मदाता माना गया है। कुषाण वंशी शासकों ने सोने तथा ताम्बे का प्रयोग सिक्कों के लिए किया था किन्तु पश्चिम भारत में क्षत्रप नरेशों ने केवल चांदी का प्रयोग किया जो अर्द्धद्रम (३२ ग्रेन) तौल में थे। इन लोगों ने गुजरात, काठियावाड़, भरोंच, सिन्ध के भूभाग पर अधिकार कर पश्चिमी एशिया से व्यापार की वृद्धि की जिससे भारत समृद्ध हो सका।

अभिलेखों के अध्ययन से धार्मिक अवस्था का विशेष परिज्ञान होता है। क्षत्रप उत्तर पश्चिम से आए थे जहाँ बुद्धमत का अधिक प्रचार था, अतः उन लोगों ने बौद्ध भिक्षुओं के लिए गुहा निर्माण किया तथा उन भिक्षुओं के भोजन वस्त्र के लिए भूमि दान की। नासिक गुहा लेख में ग्रामदान के विवरण के साथ विभिन्न धार्मिक शाखाओं के भी नाम आए हैं। क्षेत्र-दान एवं लेणदान (गुहादान) शब्दों का प्रयोग है। भिक्षु संघ से बौद्ध भिक्षुओं का तात्पर्य है। नासिक लेखों में महावनीय संघ (शाखा) तथा बलूरक संघ के नाम उल्लिखित हैं। इससे स्पष्ट ज्ञात होता है कि बौद्धमत की अनेक शाखाएँ पश्चिम भारत में वर्तमान थीं।

शकों का भारतीयकरण

इस विषय की चर्चा हो चुकी है कि शक उत्तर पश्चिम से आकर मालवा, गुजरात तथा महाराष्ट्र में शासन करने लगे। यद्यपि उनका बुद्धमत से निकट का संबंध था किन्तु उनमें धर्म के प्रति दृढ़ता न थी। सम्भव है उनका विचार शनैः शनैः बदलता गया और ब्राह्मण मत की ओर आकृष्ट हो गया। नहपान का जामाता ऋषभदत्त ब्राह्मण मतानुयायी हो गया इसलिए उनसे अभिलेख में अनेक धार्मिक कृत्यों का वर्णन किया है—

(१) तीर्थ यात्रा—पुष्कर (राजपूताना) तथा प्रभास तीर्थों (काठियावाड़) की यात्रा का वर्णन है।

(२) अभिसेको—पुष्कर तीर्थ में ऋषभदत्त ने अभिषेक किया जो वैदिक रीति का परिचायक है। उसके उपलक्ष में तीन हजार गाय दक्षिणा में ब्राह्मणों को दिया था। उसी के साथ ऋषभदत्त ने ग्राम भी दान किया था।

(३) ब्राह्मण कन्या का दान—कार्ले लेख में वर्णन आता है कि "पभासे पूततिथे ब्राह्मणा अठ भाया पदेन" यानी प्रभास तीर्थ में शक शासक ने आठ ब्राह्मण कन्या के विवाह निमित्त धन दान किया था। नासिक लेख में भी "अष्ट भार्या प्रदेन" वाक्य उसी बात को पुष्टि करता है। पुराणों में एक वाक्य मिलता है—"सालङ्कारा द्विज श्रेष्ठ कन्या यच्छति यो नरः। स गच्छेद् ब्रह्म सदनं पुनर्जन्म न विद्यते।' तात्पर्य यह है कि शक नरेश ब्राह्मण कन्या के विवाह निमित्त धन देकर पुण्य लाभ करते थे। यानी ब्राह्मण मत का उन पर पूर्ण प्रभाव हो गया था।

(४) धर्मशाला निर्माण—तीर्थ में निवास करने वालों के लिए विश्राम गृह बनाया गया (चतु शाला वसध प्रतिश्रय प्रदेन) तथा नदी किनारे आरामघर तैयार किया था (आराम तडाग उदपान करेण) उन स्थानों में पानी का प्रबन्ध किया जिससे यात्रियों को सुख मिले।

५) नदी तीर को निःशुल्क करना—नदी के घाट को पार करने के लिए शुल्क

लगता है परन्तु शक राजा ने कई नदियों पर पार करने की निःशुल्क व्यवस्था की थी। इवा पारदा दमण तापी करवेण दाहनुका नावा पुण्यतर करेण।

(६) धार्मिक कर ग्रहण—जूनागढ़ लेख में रुद्रदामन ने उल्लेख किया है कि वह भूमि-कर आदि टैक्स (शुल्क) धार्मिक रीति से वसूल करेगा (अर्जित धर्मानुरागेन) यह भारत की प्राचीन परिपाटी थी। जिसका पालन शकों ने किया।

(७) धर्मसेतु—शक लेखों में दान को धर्मसेतु कहा गया है जिससे स्वर्ग के मार्ग में सरलता होती है। यह पौराणिक विचारधारा उस समय काम कर रही थी। नासिक लेखों में दान के अतिरिक्त पौराणिक महापुरुषों का नामोल्लेख है। राम केशव जनमेजय आदि। इस सर्वेक्षण का तात्पर्य यह है कि शक काल में ब्राह्मण मत का प्रचार था। यद्यपि बुद्धमत के विचार को लेकर शक आए थे, स्तूप चिन्ह को सिक्कों पर अपनाया, गुहा निर्माण किया तथा भिक्षुओं को दान दिया किंतु उनका भारतीयकरण ब्राह्मण मत को स्वीकार करने से पूर्ण हो गया। शक लेख इनके प्रमाण हैं।

कुषाण तथा क्षत्रप लेख

कनिष्क का सारनाथ प्रतिमा लेख

(तिथि वर्ष तीसरा)

[१]

भाषा-संस्कृत मिश्रित प्राकृत — प्राप्तिस्थान-सारनाथ (वाराणसी के समीप)

लिपि-ब्राह्मी — (तिथि—ई० स० ८१)

पू० ई० भा० ८ पृ० १७३

१ महारजस्य कणिष्कस्य सं ३ हे ३ दि २० [+★] २
२ एताये पूर्वये भिक्षुस्य पुष्यबुद्धिस्य सद्धयेवि-
३ हारिस्य भिक्षुस्य बलस्य त्रेपिटकस्य
४ बोधिसत्वो छत्रयष्टि (च) प्रतिष्ठापितो
५ बाराणसिये भगवतो च (˙) कमे सहा मात (ा★)-
६ पितिहि सहा उपद्धयायाचर्येहि सद्धयेविहारि-
७ हि अंतेवासिकेहि च सहा बुद्धमित्रये त्रेपिटिक-
८ ये सहा क्षत्रपेण वनस्परेन खरपल्ला-
९ नेन च सहा च च (तु) हि परिषाहि सर्वसत्वनं
१० हितासुखार्त्थं (।।★)

[२]

१ भिक्षुस्य बलस्य त्रेपिटकस्य बोधिसत्वो प्रतिष्ठापितो।
२ महाक्षत्रपेन खरपल्लानेन सहा क्षत्रपेन वनष्परेन ।।

स्यूविहार ताम्र-पत्र

भाषा-वही | स्यूविहार बहावलपुर प० पा०
लिपि-खरोष्ठी | तिथि पू० ई० स० ८९

का० ई० ई० भा० २

(तिथि ११वें वर्ष)

१ महरजस्य रजतिरजस्य देवपुत्रस्य क (निष्कस्य) संव(त्स)रे एकदशे सं १० [+★]१ दइसिकस्य मस (स्य) दिवसे अठविशे दि २० [+★] ४[+★]४

२ (अद्य) त्र दिवसे भिक्षुस्य नगदतस्य ध(र्म)-कथिस्य अचर्य-दमत्रत-शिष्यस्य अचर्य-भवे-प्रशिष्यस्य यठि अरोपयत इह द (म) ने

३ विहरस्वमिणि उपसिक (व) लनंदि-(कु) टिंबिनि बलजय-मत च इमं यठिप्रतिठनं ठप (इ) चं अनु परिवरं ददंरि (।★) सर्व-सत्वनं

४ हित-सुखय भवतु (।।★)

कुर्रम (ताम्र भस्मपात्र लेख)

भाषा-प्राकृत | प्राप्तिस्थान–कुर्रम पेशावर के समीप
लिपि-खरोष्ठी | तिथि–ई० स० ९९

का० इ० इ० भा० २

१ सं २० [+★] १ मस) स अवदुनकस दि २० इ (शे) क्षुनंमि श्वेइवर्म यश-पुत्र तनु (व) कंमि रंलंमि (नवविह★) रंमि अचर्यन सर्वस्तिवदन परि- (ग्रहं) मि थुवंमि भग्रवतस शक्यमुनिस

२ शरिर प्रसिठवेदि (।★) यथ वुत भग्रवद अविज-प्रचग्रसंकरं संकरं-प्रचग्र विञन (वि) ञन-प्रचग्र नम-रुव-नमरुव-प्रचग्र षड्ड (य)-(दन) षड्डयदन-प्रचग्र फष पष-प्रचग्र

३ वेदन वेदन-प्रचग्र तष्ण तष्ण-प्रचग्र उवदन उवदन-प्रचग्र भव भव-प्रचग्र जदि जदि-प्रच (ग्र) जर-मर (न)-शोग्र परिदेव-दुख-दोर्मनस्त-उपग्रस (।★) (एवं) (अस) केवलस दुख-कंधस संमुदए भवदि (।★)

४ सर्व-सत्वन पुयए अय च प्रतिच-संमुपते लिखिद महिफतिएन सर्वसत्वन पुयए (।।★)

सहेत महेत बौद्ध प्रतिमा लेख

भाषा-संस्कृत मिश्रित प्राकृत | प्राप्तिस्थान-सहेतमहेत (श्रावस्ती)
लिपि-ब्राह्मी | गोंडा, उत्तर प्रदेश, तिथि-पहली सदी

ए० इ० भा० ८

१ (महाराजस्य देवपुत्रस्य कणिष्कस्य (?) सं ★ ★ ★ ★ दि) १० [+★] ९ एतये पुर्वये भिक्षुस्य पुष्य (वु★)–

२ (द्धिस्य★) सद्धेयविहारिस्य भिक्षुस्य ब(ल)स्य त्रेपिकटस्य दान(ं) (बो) धिसत्वो छात्रं दाण्डश्च श्रावस्तिये भगवतो चंकमे

३ कोसंबकुटिये (अचर्य्या) णां सर्वस्तिवादिन परिगहे (।।★)

द्वितीय-कनिष्क का आरा लेख

भाषा-प्राकृत | प्राप्तिस्थान-आरा, अटक प० पा०
लिपि-खरोष्ठी | तिथि-ई० सं० ११९ (?)

(तिथि ४१वें वर्ष)

का० इ० इ० भा० २ पृ० १६५

१ महरजस रजतिरजस देवपु (त्रस) (क) इ (स) रस
२ व (झि) ष्प-पुत्रस कनिष्कस संवत्सरए एकचप (रि)-
३ (शए) सं २० [+ ★]२०[+ ★] १ जेठस मसस दिव(से) १ इ(थे) दिवसक्षुणमि
ख (दे)
४ (कुपे) दषव्हरेन पोषपुरिअ-पुत्रण मतर-पितरण पुय (ए)
५ (हि)रंणस सभर्य(स) (स)पुत्रस अनुग्रहर्थए सर्व (सप)ण
६ जति(षु) छ (?) तए (।★) इमो च लिखितो म (धु)....(।।★)

हुविष्क का जैन प्रतिमा लेख

भाषा-प्राकृत | प्राप्तिस्थान–लखनऊ
लिपि-ब्राह्मी | तिथि–ई० ८० १२६

(तिथि ४८ वर्ष)

ए० इ० भा० १०

१ मह (ा) राजस्य हु(वि)क्षस्य-सवचर ४० [+ ★]८ व २ दि १० [+ ★]९ एतस्य पुवायं (कोट्टिये-गणे) (बम) (दा★)–
२ (सि)ये (कु)ले पचनगरिय-शाकाय (ध)अवलस्य शिशि(निये) धज(शि)रि(ये) निवतन
३ (ब)धुकस्य वधुये शवत्रात-पो(त्रिये) यशा(ये) दान स(ं)भवस्य प्रोदिम प्र-
४ त (स्थ)पित (।।★)

हुविष्क का बौद्ध प्रतिमा लेख

भाषा-संस्कृत मिश्रित प्राकृत | प्राप्तिस्थान-वही
लिपि-ब्राह्मी | तिथि–ई० स० १२९

(तिथि ५१ वर्ष)

ए० इ० भा० ८

१ महाराजस्य दवपुत्रस्य हुवष्कस्य सवत्सरे ५० [+ ★]१ हेमन्त-मास १ दव....(एतस्यां) पु(र्व्वा)यां (भिक्षुणा) (बु)द्धवर्म(णा) (भग★)वतः श(क्य) (मुनेः★)
२ प्रतिमा प्रतिष्ठापित सर्व-बुद्ध-पूजार्थ (म्) (।★) अ (नेन) (दे)-यधर्म-परित्यागेन उपध्यायस्य सघदासस्य (निवना।वा ( ) प्तये (ऽ★) स्तु मा(तापित्रो च) (।★) (बुद्धार्थम् इदं च दानं ?)
३ बुद्धवर्मस्य सर्व-(दु) खोपशम (ा)य सर्व-सत्व-हित-सुखार्थ(ं) (म)हाराज-दे (वपुत्र-वि) हरे (।।★)

सोडास क्षत्रप का मथुरा लेख

भाषा-संस्कृत मिश्रित प्राकृत | प्राप्तिस्थान–मथुरा
लिपि-ब्राह्मी | तिथि–ई० स० दूसरी सदी

ए० इ० भा० ९

१ स्वामिस्य महाक्षत्रपस्य शोडासस्य गंजवरेण ब्राह्मणेन शेग्रव-सगोत्रेण (पुष्क★)-
२ रणि इमाषां यमड-पुष्करणीनं पश्चिमा पुष्करणि उदपानो आरामो स्तम्भो इ(मो★)
३ (शिला) पट्ट च.... ... (।।★)

पटिक का तक्षशिला ताम्रपत्र

भाषा-प्राकृत | प्राप्तिस्थान–तक्षशिला
लिपि-खरोष्ठी | तिथि–ई० स० दूसरी सदी

(तिथि ७८ वर्ष)

ए० इ० भा० ४

१ (सवत्स)रये अठसततिमए २० [+ ★] २० [+ ★] २० [+ ★] १० [+ ★] ४ [+ ★] ४ महरयस महंतस (मो)गस प(ने★)मस- मसस दिवसे पंचमे ४ [+ ★] १ एतये पुर्वये क्षहर(स)
२ चुक्सस च क्षत्रपस लिअको कुसुलुको नम तस पुत्रो (पति) (को★) तक्षशिलये नगरे (।★) उतरेण प्रचु-देशो क्षेम नम (।★) अत्र
३ (दे★) शे पतिको अप्रतिठवित भगवत शकमुनिस शरिरं (प्र★) तिथ (वेति) (सं) घरमं च सर्व-बुधन पुयए मत-पितरं पुयय (तो)
४ क्षत्रपस स-पुत्र दरस अयु-बल-वधिए भ्रतर सर्व (च) (ञतिग)-(बं★)घवस च पुययंतो (।★) महदनपति पतिक सज उव(झ)-ए (न★)
५ रोहिणिमित्रेण य इम (मि ?) संघरमे नवकमिक (।।★)

कलवान ताम्रपत्र

भाषा-प्राकृत | प्राप्तिस्थान–कलवानर (।) तक्षशिला
लिपि-खरोष्ठी | तिथि–पहली सदी

ए. इ. भा. २१

१ सवत्सरये १ [+ ★] १०० [+ ★] २०[+ ★] १० [+ ★]४ अजस श्रवणस मसस दिवसे त्रेविशे २० [+ ★] १[+ ★] १[+ ★] १ इमण क्षुणेण चंद्र उअसिअ
२ ध्रंमस प्रहवतिस धित भद्रवलस भय छ (?) डशिलए शरिर प्रइस्यवेति गहथु-
३ बमि सघ भ्रदुण नंदिवढणेण ग्रहवतिण सघ पुत्रेहि धमेण सहतेण च । धतुण च
४ ध्रमए सघ ष्णशएहि रजए इव्रए य सघ जिवणंदिण श्रमपुत्रेण अयरिएण य स(र्व)स्ति-
५ वअण परिग्रहे रत्र-णिकमो पुयइत सर्व-स्वत्वण पुयए (।★) णिवणस प्रतिअए होतु (।।★)

नहपान कालीन नासिक गुहालेख

भाषा-प्राकृत — प्राप्तिस्थान–नासिक, महाराष्ट्र
लिपि-ब्राह्मी — काल–श. का. ४२ = ई० स० १२०

ए. इ. भा० ८

१ सिधं (॥★) वसे ४० [+ ★]२ वेसाख-मासे राञ । क्षहरातस क्षत्रपस नहपानस जामा तरा दीनीक-पुत्रेन उषवदातेन संघस चातुदिसस इमं लेणं नियातितं (।★) दत चानेन अक्षय-निवि काहापण-सहस्रा-

२ नि त्रीणि ३००० संघस चातुदिसस ये इमस्मि लेणे वसांतान (˙) २ भविसंति-चिवरिक कुशाणमूले च (।★) एते च काहापणा प्रयुता गोवधनं वाथवासु श्रेणिसु (।★) कोलीक-निकाये २००० वृधि पडिक-शत अपर-कोलीक-निका-

३ ये १००० वधि पा(यू) न-(प)डिक-शत (।★) एते च काहापणा (अ)पडिदातवा वधि-भोजा (।★) एतो चिवरिक-सहस्रानि बे २००० ये पडिके सते (।★) एतो मम लेणे वसवुथान भिखुनं वीस (।) य एकीकस चिवरिक बारसक (।★) य सहस्र प्रयुतं पायुन-पडिके शते अतो कुशन-

४ मूल (।★) कापूराहारे च गामे चिखलपद्रे दतानि नालिगेरान मुल-सहस्राणि अठ ८००० (।★) एत च सर्व स्रावित (नि)गम-सभाय निबध च फलकवारे चरित्रतो ति (।★) भूयोनेन वसे ४० [+ ★]१ कातिक शुधे पनरस पुवाक वसे ४० [+ ★]५

४ पनरस नियुतं भगवता (˙) देवानं ब्राह्मणानं च कार्षापण-सहस्राणि सतरि ७००० प (˙) चत्रि (˙) शक सुत्रण कृता दिन सुवर्ण-सहस्रणं मूल्य (˙) (॥★)

६ फलकवारे चरित्रतो ति (॥★)

नहपान कालीन नासिक गुहा लेख

वही — वही

ए. इ. भा० ८

१ सोद्धम्-(॥★) राज्ञः क्षहरातस्य क्षत्रपस्य नहपानस्य जामात्रा दीनीक-पुत्रेण उषवदातेन त्रि-गोशत-सहस्रदेन नद्या बार्णासायां सुवर्णदान-तीर्थकरेण देवत (।)भ्यः ब्राह्मणेभ्यश्च षोडश-ग्रामदेन अनुवर्ष ब्राह्मण-शतसाहस्रीभोजापयित्रा

२ प्रभासे पुण्यतीर्थे ब्राह्मणेभ्यः अष्टभार्याप्रदेन भरुकछे दशपुरे गोवर्धने शोर्पारगे च चतुशाला वसध-प्रतिश्रय-प्रदेन आराम-तडाग-उदपान-करेण इबा-पारादा-दमण-तापी-करबेणा-दाह-नुका नावा पुण्य-तर-करेण एतासां च नदीनां उभतो तीरं सभा-

३ प्रपा-करेण पींडीतकावडे गोवर्धने सुवर्णमखे शोर्पारगे च रामतीर्थे चरकपर्षभ्यः ग्रामे नानंगोले द्वात्रीशत-नालीगेर-मूल-सहस्र-प्रदेन गोवर्धने त्रीरश्मिषु पर्वतेषु धर्मात्मना इदं लेणं कारितं इमा च पोढियो (॥★) भटारका-अनातिया च गतोस्मि वर्षा-रतुं मालये (हि) ★ ★ हि रुधं उतमभाद्रं मोचयितुं (।★)

४ तै च मालया प्रनादेनेव अपयाता उतमभद्रकानं च क्षत्रियानं सर्वे परिग्रहा कृता (।★) ततोस्मिं गतो पोक्षरानि (।★) तत्र च मया अभिसेको कृतो त्रीणि च गोसहस्रानि दतानि ग्रामो च (।।★) दत च (ा) नेन क्षेत्र (ं) ब्राह्मणस वाराहि-पुत्रस अश्विभुतिस हथे कीणिता मुलेन काहापण-सहस्रे हि चतुहि ४००० यो स-पितु-सतक नगरसीमायं उत-रापरा (यं दीसायं) (।★) एतोमम लेने वस-

५ तानं चातुदीसस भिखु-सघस मुखाहारो भविसतो (।।★)

नहपान का नासिक गुहालेख

वही वही वही

१ सीधं (।।★) रांञो क्षहरातस क्षत्रपस नहपानस दोहि-

२ तु दीनीक-पुत्रस उषवदातस कुडुंबिनिय दखमित्राय देयधम ओवरको (।।★)

नहपान कालीन कार्ले गुहा लेख

भाषा--प्राकृत प्राप्ति-स्थान--कार्ले पूना महाराष्ट्र

लिपि--ब्राह्मी ए० इ० भा० ७ तिथि--ई. स. १२४

१ सिधं (।।★) रञो खहरातस खतपस नहपानस जा(म)तरा (दीनीक)-पूतेन उसभ-दातेन ति-

२ गो-सतसहस(दे)ण नदीया बणासाया (सु)वण-(ति)थकरेन (देवतान★) ब्राह्म-णन च सोलस-गा

३ म-दे(न★) पभासे पूत-तिथे ब्रह्मणाण अठ-भाया प(देन★) (अ) नुवासं पितु सत-सहसं (भो)-

४ जपयित वलूरकेसु लेण-वासिनं पवजितानं चातुदिसस सघस

५ यापणय गामो (कर)जिको दतो स(वा)न (वा)स-वासितानं (?) (।।★)

नहपान कालीन जुनार गुहा लेख

अ. स. पश्चिम भारत भा० ४

(तिथि ४६ वर्ष)

वही] [वही

१ (राञो★) महखतपस सामि-नहपानस

२ (आ) मतस-वछ-सगोतस अयमस

३ (दे★) (यधम) च (पो★)ढि मटपो च पुअथय वसे ४० [+ ★] ६ कतो (।।★)

चष्टन--रुद्रदामन का अंधौ लेख

ए० इ० भा० १६

(तिथि ५२ वर्ष)

भाषा--प्राकृत प्राप्ति-स्थान--कच्छ

लिपि--ब्राह्मी तिथि--ई० स० १३०

[१]

१ (राञो) (चाष्ट)नस य्सामोतिक पुत्रस राञो रुद्रदामस जयदाम-पुत्रस

२ व(र्षे) (द्वि)प(ं)च(ाशे) (५०) [+★]२ फगुण-बहुलस (द्वि) तिय-वारे(?) मदनेन सीहिल-पुत्रेन (भ)गिनिये जेष्टवीराये

३ (सी)हि(ल-धि)त ओपशति-सगोत्राये लष्टि उथापित (।।★)

[२]

१ (राज्ञो चाष्ट)नस य्सामोतिक-

२ पु(त्र)स राज्ञो (रु)द्रदामस

३ जयदाम-पुत्रस वर्षे द्वि-प(ं)-

४ (चा) शे ५० [+★]२ फगुण-बहुलस

५ द्वितीय-वारे (?) २ ऋषभदेवस

६ सीहिल-पुत्रस ओपशति-सगोत्रस

७ भ्रात्र(ा) (मदने)न (सीहि)ल-पुत्रेन

८ लष्टि उथापित (।।★)

[३]

१ राज्ञो चाष्टनस य्सा(ा)मोतिक-पुत्रस राज्ञो रूद्रदामस जयदाम-पुत्रस वर्षे द्विपंचाशे ५० [+★]२

२ फगुण-बहुलस द्वितिय-वा २ यशदताये सोहृमित-धोता शेनिक-सगोत्राये शामणेरिये

३ मदनेन सीहिल-पुत्रेन कुटुबिनिये (लष्टि) उथापिता (।।★)

[४]

१ र(ा)ज्ञो चाष्टनस य्सामोतिक–पु(त्रस) (राज्ञो) रु(द्रदामस) ज(य)दा(म)-

२ पुत्र(स) वर्षे ५०[+★२] फगु(न)-बहुलस (द्वितिय)- वारे (?) २

३ ऋषभदेवस त्रेष्टदत-पुत्र(स) ओपश(ति)-गो (त्र)स

४ वि(त्रा(तिन?) त्रेष्टदतेन श्राम(णे)रेन लष्टि उथापित (।।★)

रुद्रदामन का गिरनार शिलालेख

ए० इ० भा० ८

(तिथि ७२ वर्ष)

भाषा—संस्कृत **प्राप्ति-स्थान—जूनागढ़ (काठियावाड़)**

लिपि—ब्राह्मी **तिथि—ई० स० १५०**

१ सिद्धं (।★) इदं तडाकं सुदर्शनं गिरिनगराद(पि) ★ ★............(मृ★) (त्ति) कोपल-विस्तारायामोच्छ्रय-निस:न्धि-बद्ध-दृढ-सर्व्व-पालीकत्वात्पर्व्वत-पा

२ द-प्रतिस्पर्द्धि-सुश्लि(ष्ट)-(बन्धं★)........(व)जातेनाकृत्रिमेण सेतुबन्धेनोपपन्नं सुप्रति-विहित-प्रनाली-परीवाह-

३ मीढविधानं च त्रिस्क (न्ध★)........नादिभिरनुग्र(है)र्महत्युपचये वर्तते (।★) तदिदं राज्ञो महाक्षत्रपस्य सुगृही-

४ त-नाम्नः स्वामि-चष्टनस्य पौत्र(स्य★) (राज्ञः क्षत्रपस्य सुगृहीतनाम्नः स्वामी-जयदा-

म्न★): पुत्रस्य राज्ञो महाक्षत्रपस्य गुरुभिरभ्यस्त-नाम्नो रु(द्र)दाम्नो वर्षे द्विसप्ततित-
(मे) ७०[+ ★]२

५ मार्गशीर्ष-बहुल-प्र(ति)(पदि–)........सृष्टवृष्टिना पर्ज्जन्येन एकार्णव-भूतायामिव पृथिव्यां कृतायां गिरेरूर्ज्जयतः सुवर्णसिकता-

६ पलाशिनी-प्रभृतीनां नदीनां अतिमात्रोद्वृत्तैर्व्वेगैः सेतुम....(यमा)णानुरूप-प्रतीकार-मपि गिरिशिखर-तरु-तटाट्टालकोपत (ल्प)- द्वारशरणोच्छ्रय-विध्वंसिना युगनिधन-सदृ-

७ श - परम - घोर - वेगेन वायुना प्रमथि(त)-सलिल-विक्षिप्त - जर्ज्जरीकृताव(दी) (र्ण★) (क्षि)प्ताश्म-वृक्ष-गुल्म-लताप्रतानं आ नदी (त) लादित्युद्घाटितमासीत् (।★) चत्वारि हस्त-शतानि वीशदुत्तराण्यायतेन एतावत्येव (वि)स्ती(र्णे)न

८ पंचसप्तति-हस्तानवगाढेन भेदेन निस्सृत-सर्व्व-तोयं मरु-धन्व-कल्पमतिभृशं दु(र्द)....(।★) ....(स्य)ार्थे मौर्यस्य राज्ञः चन्द्र(गु)(प्त★)-(स्य) राष्ट्रियेण (वै)श्येन पुष्यगुप्तेन कारितं अशोकस्य मौर्यस्य (कृ★)ते यवनराजेन तुष (ा) स्फेनाधिष्ठाय

९ प्रण(ा)लीभिरल(ं)कृत(ं) (।★) (त)त्कारित(या) च राजानुरूपकृत-विधानया तस्मिं (भे)दे दृष्टया प्रनाडया- वि(स्तृ)त-से) (तु★)........णा आ गर्भात्प्रभृत्यवि (ह) त-समुदि (ता) जलक्ष्मी-धारणागुणतस्सर्व्व-वर्णैरभिगंम्य रक्षणार्थं पतित्वे वृतेन (आ) प्राणोच्छ्वासात्पुरुषवधनिवृत्ति-कृत-

१० सत्यप्रतिज्ञेन अन्य(त्र) संग्रामेष्वभिमुखागत-सदृश-शत्रु-प्रहरण-वितरणत्वाविगुणरि (पु★)........त-कारुण्येन स्वयमभिगतजन-पदप्रणिपति (ता★) (यु) षशरणदेन दस्यु-व्याल-मृग-रोगादिभिरनुपसृष्टपूर्व्व-नगर-निगम-

११ जनपदानां स्ववीर्य्यार्जितानामनुरक्त-सर्व्व-प्रकृतीनां पूर्व्वापराकरावन्त्यनूपनीवृदानर्त्त--सुराष्ट्र-श्व(भ्र-मरु-कच्छ-सिन्धु-सौवी)र-कुकुरापरांत-निषादादीनां समग्राणां तत्-प्रभावाद्य (थावत्प्राप्तधर्मार्थ★) काम-विषयाणां विषयाणां पतिना सर्व्वक्षत्राविष्कृत-

